रजिस्ट्री संख्या डी. एल.—33001/95 REGISTERED NO. DL-33001/95

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 4] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 28, 1995/माघ 8, 1916
No. 4] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 28, 1995/MAGHA 8, 1916

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालय (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किये गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं)

General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws etc. of a general Character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1995

सा. का. नि. 36.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 290 के खंड (i) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह निदेश देते हैं कि भारत के राजपत्र में प्रकाशित भारत सरकार के विधि मंत्रालय (विधि कार्य विभाग) की अधिसूचना सं. सा. का. नि. 585, तारीख 1 फरवरी, 1966 में निम्नलिखित और संशोधन किए जाएंगे, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में,

1. भाग "21" में, "निर्माण और आवास मंत्रालय के मामले में शीर्ष " के अन्तर्गत मद 7 में, "भूमि और विकास कार्यालय के मामले में" से संबंधित प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात् :—

(i) भूमि और विकास अधिकारी की अधिकारिता के भीतर आने वाले मामलों से संबंधित संपत्ति की सभी संविदाएं और बीमें,

(ii) दिल्ली/नई दिल्ली में सरकारी निर्मित संपत्ति से संबंधित या उसके विक्रय/पट्टा विलेखों के निबंधनों और शर्तों के प्रवर्तन के प्रयोजन के लिए सभी संविदाएं, विलेख या अन्य लिखतें;

(iii) नीलामकर्ताओं द्वारा कार्य के सम्यक् पालन के लिए नीलामी करारें, नीलामकर्ताओं के बंधपत्र और प्रतिभूति बंधपत्र;

भूमि और विकास अधिकारी, उप भूमि और विकास अधिकारी, सहायक बंदोबस्त आयुक्त, सतर्कता तथा विधि अधिकारी और सहायक इंजीनियरों द्वारा।

[फा. सं. 17/3/94-न्या.]

पी. सी. कन्नन, अपर विधि सलाहकार

पाद टिप्पण:—मूल अधिसूचना, अधिसूचना सं. सा. का. नि. 585 द्वारा तारीख 1-2-1966 को प्रकाशित की गई थी और तत्पश्चात् उसका समय-समय पर निम्नलिखित संशोधन किया गया।

1. सा. का. नि. सं. 166 तारीख 5-3-90
2. सा. का. नि. सं. 541, तारीख 19-7-90
3. सा. का. नि. सं. 542 तारीख 19-7-90
4. सा. का. नि. सं. 711, तारीख 14-11-90
5. सा. का. नि. सं. 713 ,तारीख 15-11-90
6. सा. का. नि. सं. 570, तारीख 27-8-91
7. सा. का. नि. सं. 333, तारीख 9-7-92
8. सा. का. नि. सं. 497, तारीख 16-10-92
9. सा. का. नि. सं. 540, तारीख 14-10-93
10. सा. का. नि. सं. 601, तारीख 16-11-93

MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Department of Legal Affairs)

New Delhi, the 6th January, 1995

G.S.R. 36.—In exercise of the powers conferred by clause (1) of Article 299 of the Constitution, the President hereby directs that the following further amendments shall be made in the notification of the Government of India in the Ministry of Law (Department of Legal Affairs) published in Gazette of India bearing No. G.S.R. 585 dated the 1st February, 1966, namely :—

In the said notification :

1. In part "XXI" under the heading "IN THE CASE OF THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING" in item 7 for the entry relating to "In the case of Land and Development Office", the following entry shall be substituted, namely :

(i) all contracts and assurances of property relating to matters falling within the jurisdiction of Land and Development Officer ;

(ii) all contracts, deeds or other instruments relating to or for the purpose of enforcement of the terms and conditions of the sale/lease deeds of the Government Built property in Delhi/New Delhi ;

(iii) auctioneering agreements, bonds of auctioneers and security bonds for the due performance of work by the auctioneers ;

By the Land and Development Officer, Deputy Land and Development Officer, Assistant Settlement Commissioner, Vigilence-Cum-Legal Officer and Assistant Engineers.

[F. No. 17(3)/94-Judl.]

P. C. KANNAN, Addl. Legal Adviser.

Foot Note.—The Principal notification was published on 1-2-1966 vide notification No. GSR 585 and subsequently amended from time to time.

1. GSR No. 166 dated 5-3-90.
2. GSR No. 541 dated 19-7-90
3. GSR No. 542 dated 19-7-90
4. GSR No. 711 dated 14-11-90
5. GSR No. 713 dated 15-11-90
6. GSR No. 570 dated 27-8-91
7. GSR No. 333 dated 9-7-92
8. GSR No. 497 dated 16-10-92
9. GSR No. 540 dated 14-10-93
10. GSR No. 601 dated 16-11-93

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 17 जनवरी, 1995

(रबड़ नियंत्रण)

सा. का. नि. 37.—केन्द्रीय सरकार, रबड़ अधिनियम 1947 (1947 का 24) की धारा 25 की उपधारा (2) के खण्ड (XV) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, रबड़ बोर्ड कर्मचारी पेंशन निधि नियम, 1966 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (क) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रबड़ बोर्ड कर्मचारी पेंशन निधि (संशोधन) नियम 1995 है।

(ख) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत होंगे।

2. रबड़ बोर्ड कर्मचारी पेंशन निधि नियम, 1966 में नियम 8 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा अर्थात :—

"8. विघटन बोर्ड के विघटन पर, निधि की सभी आस्तियां और दायित्व विघटन की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर केन्द्रीय सरकार को अन्तरित हो जाएंगे और तत्पश्चात केन्द्रीय सरकार इन नियमों द्वारा शासित सभी कर्मचारियों की बाबत दायित्व का निर्वहन करेगी।"

[फा. सं. 25 (3)/93 प्लांट (बी)]

सी. ए. भास्करन, अवर सचिव

पाद टिप्पणी :— मूल नियम भारत के राजपत्र भाग 2 खण्ड 3 (i) तारीख 7 मई, 1966 में भारत सरकार वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं. सा. का. नि. 686 द्वारा प्रकाशित किए गए थे।

MINISTRY OF COMMERCE

New Delhi, the 17th January, 1995

(Rubber Control)

G.S.R. 37.—In exercise of the powers conferred by clause (xv) of sub-section 2 of Section 25 of the Rubber Act, 1947 (24 of 1947), the Central Government makes the following Rules further to amend the Rubber Board Employees Pension Fund Rules, 1966, namely :—

(a) These Rules may be called the Rubber Board Employees Pension Fund (Amendment) Rules, 1995.

(b) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Rubber Board Employees Pension Fund Rules, 1966.—For Rule 8, the following shall be substituted, namely :—

"8. Dissolution,—

On the dissolution of the Board, all the assets and liabilities of the Fund shall stand transferred to the Central Government within a period of six months from the date of the dissolution and thereafter the Central Government shall discharge the liability in respect of all the employees governed by these Rules."

[File No. 25(3)/93-Plant (B)]

C. A. BHASKARAN, Under Secy.

Footnote.—The principal Rules were published by Government of India, Ministry of Commerce vide Notification No. GSR 686 in the Gazette of India, Part II; Section 3(i) on the 7th day of May 1966.

ग्रामीण विकास मंत्रालय

(ग्रामीण विकास विभाग)

नई दिल्ली, 12 जनवरी, 1995

सा०का०नि० 38.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और ग्रामीण विकास विभाग अधीक्षण इंजीनियर और सहायक इंजीनियर (केन्द्रीय परियोजना प्रबंध सेल) भर्ती नियम, 1989 को, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में अधीक्षण इंजीनियर (केन्द्रीय परियोजना प्रबंध सेल के) पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम ग्रामीण विकास विभाग अधीक्षण इंजीनियर (केन्द्रीय परियोजना प्रबंध सेल) भर्ती नियम, 1994 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान : उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वह होगा जो उन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची स्तम्भ 2 से स्तम्भ 4 में विनिर्दिष्ट है।

3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा और अन्य अर्हताएं आदि : उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से स्तम्भ 14 में विनिर्दिष्ट है।

4 निरर्हताएं : वह व्यक्ति,

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा.

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति : जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति : इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्र सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं
1	2	3	4	5	6	7
अधीक्षण इंजीनियर (केन्द्रीय परियोजना प्रबंध सेल)	1*(1994) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह "क" राजपत्रित (अननुसचिवीय)	3700-125-4709-150-5000 रु	लागू नहीं होता	50 वर्ष से अधिक नहीं (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए पांच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है।) टिप्पणी : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन	नहीं

	6
	प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा ,सिक्किम जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा जिले के पांगी उपखंड, अंडमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है ।

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
8	9	10
आवश्यक (क) (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल/विद्युत/यान्त्रिक इंजीनियरी में बैचलर डिग्री या समतुल्य (ii) ड्रिलिंग रिग्स के प्रचालन और अनुरक्षण में छह वर्ष का अनुभव या (ख) (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से लोक स्वास्थ्य इंजीनियरी में मास्टर डिग्री या समतुल्य । (ii) ड्रिलिंग रिग्स के प्रचालन और अनुरक्षण में तीन वर्ष का अनुभव टिप्पण 1 अर्हताएं अन्यथा सुविहित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है । टिप्पण - 2 अनुभव संबंधी अर्हता - (अर्हताएं) संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है (हैं) जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की सम्भावना नहीं है । वांछनीय : (1) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सामग्री प्रबंध और तालिका नियंत्रण में डिप्लोमा या समतुल्य । (ii) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से तंत्र विश्लेषण या उच्च कम्प्यूटर तंत्र में प्रशिक्षण या समतुल्य ।	लागू नहीं होता	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए एक वर्ष/अधिवर्षिता से पूर्व पुनर्योजित भूतपूर्व सैनिकों के लिए दो वर्ष ।

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा
11	12
प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण जिसके अन्तर्गत अल्पकालिक संविदा भी है । द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा ।	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण जिसके अन्तर्गत अल्पकालिक संविदा भी है ।

11	12
सशस्त्र बल कार्मिकों के लिए प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण/पुनर्नियोजन भूतपूर्व सैनिकों के लिए)	केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों/पब्लिक सेक्टर उपक्रमों/स्वशासी या कानूनी संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी (क) (i) जो नियमित आधार पर सवृण पद धारण किए हुए हैं या (ii) जिन्होंने 3000–5000 रु. या समतुल्य वेतनमान वाले पदों पर चार वर्ष नियमित सेवा की है या (iii) जिन्होंने 3000–4500 रु. समतुल्य वेतनमान वाले पदों पर पांच वर्ष नियमित सेवा की है और (ख) जिनके पास स्तंभ 6 के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है। प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण/पुनर्नियोजन (भूतपूर्व सैनिकों के लिए) सशस्त्र बल के ऐसे कार्मिकों के संबंध में विचार किया जाएगा जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत होने वाले हैं या रिजर्व में स्थानान्तरण किए जाने वाले हैं और जिनके पास स्तम्भ 8 के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं और अनुभव है। यदि उनका चयन कर लिया जाता है तो ऐसे अधिकारियों को उस तारीख तक प्रतिनियुक्ति के निबंधनों पर रखा जाएगा जिस तारीख से उन्हें सशस्त्र बल से निर्मुक्त किया जाना है तत्पश्चात उन्हें पुनर्नियोजन के निबंधनों पर बने रहने दिया जा सकता है। यदि ऐसे पात्र अधिकारी उस पद पर वास्तविक चयन से पूर्व सेवानिवृत हो गए है या रिजर्व में स्थानान्तरित किए जा चुके हों तो उनकी नियुक्ति पुनर्नियोजन के आधार पर की जाएगी। सिविल पद के प्रतिनिवेश से अधिवर्षिता की आयु तक पुनर्नियोजन। (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य कायर/वाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारण तया चार वर्ष से अधिक नहीं होगी।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
13	14
समूह क विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के लिए) 1. संयुक्त सचिव (प्रशासन)—अध्यक्ष 2. प्रभाग का प्रधान जो निदेशक/उप सचिव—(प्रशासन) की पंक्ति के नीचे का न हो —सदस्य टिप्पण : सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्ति की पुष्टि से संबंधित विभागीय प्रोन्नति समिति की कार्यवाहियां संघ लोक सेवा आयोग के अनुमोदनार्थ भेजी जाएगी । किन्तु यदि आयोग उनका अनुमोदन नहीं करता है तो विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष या किसी सदस्य की अध्यक्षता में फिर से होगी।	प्रत्येक अवसर पर संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

[फा. सं. ए.-12018/11/88-स्था. 1]

ए. के. सोनी, अवर सचिव

MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT

(Department of Rural Development)

New Delhi, the 12th January, 1995

G.S.R. 38.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution and in supersession of the Department of Rural Development, Superintending Engineer and Assistant Engineer (Central Project Management Cell) Recruitment Rules, 1989, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Superintending Engineer, (Central Project Management Cell) in the Ministry of Rural Development (Department of Rural Development), namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Department of Rural Development, Superintending Engineer (Central Project Management Cell) Recruitment Rules, 1994.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of posts, classification and scale of pay.—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit, and other qualifications etc.—The method of recruitment to the said post, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns 5 to 14 of the said Schedule.

4. Disqualifications.—No persons,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category or persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	Number of posts	Classification	Scale of pay	Whether selection post or non-selection post
1	2	3	4	5
Superintending Engineer (Central Project Management Cell)	1* (1994) *Subject to variation on workload.	General Central Service Group 'A' Gazetted, (Non-Ministerial)	Rs. 3700-125-4700-150-5000/-	Not applicable.

Age limit for direct recruits	Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972	Educational and other qualifications required for direct recruits
6	7	8
Not exceeding 50 years. (Relaxable for Government servants upto	No	Essential 1 (a)(i) Bachelors degree in Civil/Electrical/

6	7	8
5 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government). Note : The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipts of applications from candidates in India (and not the closing date prescribed for these in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir State, Lohnrl Spiti district and Pangi Sub-Division of Chamba district of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands or Lakshadweep).		Mechanical Engineering from a recognised University or equivalent. (ii) Six years experience in operation and maintenance of Drilling Rigs. OR (b)(i) Master's degree in Public Health Engineering from a recognised University or equivalent. (ii) Three years experience in Operation and Maintenance of Drilling Rigs. Notes : 1. Qualifications are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in case of candidates otherwise well qualified. 2. The qualification(s) regarding experience is/are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in the case of candidates belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes if at any stage of selection, the Union Public Service Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them. Desirable : (i) Diploma in Material Management and Inventory Control from a recognised University/Institute or equivalent. (ii) Training in Systems Analysts or Advanced Computer System from a recognised Institute or equivalent.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ transfer and percentage of the vacancies is to be filled by various methods
9	10	11
Not applicable	1 year for direct recruits. 2 years for ex-servicemen re-employed before superannuation.	By transfer on deputation (including short term contract) failing which by direct recruitment. For Armed Forces Personnel : Transfer on deputation/re-employment (for ex-servicemen).

In case of recruitment by promotion/deputation/ transfer, grades from which promotion/deputation/ transfer to be made	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
12	13	14
Transfer on deputation (including short-term contract) :— Officers under the Central/State Government/Recognised Research Institutes/Public Sector Undertakings/ Autonomous or Statutory Organisations :— (a)(i) holding analogous posts on regular basis; or (ii) with four years regular service in posts in the scale of pay of Rs. 3000—5000 or equivalent; or (iii) with five years regular service in posts in the scale of pay of Rs. 3000—4500 or equivalent, and (b) possessing the educational qualifications and experience prescribed for direct recruits under column 8. Transfer on deputation/Re-employment (for ex-servicemen) : The Armed Forces Personnel who are due to retire or to be transferred to reserve within a period of one year and have the qualifications and experience prescribed for direct recruits under column 8 shall also be considered. If selected such officers will be given deputation terms upto the date on which they are due for release from the Armed Forces; thereafter they may be continued on re-employment terms. In case such eligible officers have retired or have been transferred to reserve before the actual selection to the post is made, their appointment will be on re-employment basis. (Re-employment upto the date of superannuation with reference to civil post). (Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation/ department of the Central Government shall ordinarily not exceed four years.	Group A Departmental Promotion Committee (for confirmation) : 1. Joint Secretary (Administration)—Chairman 2. Head of Division not below the rank of Director/ Deputy Secretary (Administration)—Member	Consultation with Union Public Service Commission is necessary on each occasion.

Note :—The proceedings of the Departmental Promotion Committee relating to confirmation of a direct recruit shall be sent to the Commission for approval. If however, these are not approved by the Commission a fresh meeting of the Departmental Promotion Committee to be persided over by the Chairman or a Member of the Union Public Service Commission shall be held.

[F. No. A-12018/11/88-Estt.I]
A. K. SONI, Under Secy.

नई दिल्ली, 19 दिसम्बर, 1994

मा. का. नि. 39.—निम्नलिखित प्रारूप नियम, जिसे केन्द्रीय सरकार, कृषि उपज (श्रेणीकरण और चिह्नांकन) अधिनियम, 1937 (1937 का 1) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बनाना चाहती है, उक्त धारा की अपेक्षानुसार ऐसे सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, प्रकाशित किए जाते हैं और यह सूचना दी जाती है कि उक्त

प्रारूप नियमों पर उस तारीख से जिसको इस अधिसूचना में उक्त भारत के राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी जाती हैं, पैंतालीस दिन के पश्चात् विचार किया जाएगा।

कोई ऐसा व्यक्ति, जो उक्त प्रारूप नियमों की बाबत कोई सुझाव देना चाहता है या कोई आक्षेप करना चाहता है, उसे केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार करने के लिए इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, प्रधान कार्यालय, केन्द्रीय सरकार कार्यालय, नया भवन, नेबरहुड–4, फरीदाबाद-121001 (हरियाणा) को भेज सकता है।

प्रारूप नियम

1. संक्षिप्त नाम, लागू होना और प्रारंभ:–

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम जायफल श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम, 1994 है।

(2) ये भारत में उत्पादित साबुत जायफल और पिसा जायफल (चूर्णित) को लागू होंगे।

(3) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं :– इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:–

(क) "कृषि विपणन सलाहकार" से भारत सरकार का कृषि विपणन सलाहकार अभिप्रेत है ;

(ख) "प्राधिकृत पैकर" से अभिप्रेत है ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय, जिसे इन नियमों में विनिर्दिष्ट श्रेणी मानकों और प्रक्रिया के अनुसार साबुत जायफल और/या पिसा जायफल (चूर्णित) का श्रेणीकरण और चिह्नांकन करने के लिए प्राधिकार प्रमाणपत्र अनुदत्त किया गया है ;

(ग) "प्राधिकार प्रमाणपत्र" से साधारण श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम, 1988 के उपबंधों के अधीन जारी किया गया ऐसा जो व्यक्ति या व्यक्तियों के निकाय को श्रेणी अभिधान चिह्न से साबुत जायफल और/या पिसा जायफल (चूर्णित) श्रेणीकरण और चिह्नांकन करने के लिए प्राधिकृत करता है प्रमाणपत्र अभिप्रेत है ;

(घ) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है।

3. श्रेणी अभिधान:– साबुत जायफल और पिसा जायफल (चूर्णित) की क्वालिटी उपदर्शित करने के लिए श्रेणी अभिधान अनुसूची 1 और अनुसूची 2 के स्तंभ 1 में उपवर्णित है।

4. क्वालिटी की परिभाषा :– सम्बद्ध श्रेणी अभिधानों द्वारा उपदर्शित क्वालिटी वह होगी जो अनुसूची 1 के स्तंभ 2 से स्तंभ 5 और अनुसूची 2 के स्तंभ 2 से स्तंभ 8 में प्रत्येक श्रेणी अभिधान के सामने उपवर्णित है।

5. श्रेणी अभिधान चिह्न :– श्रेणी अभिधान चिह्न में निम्नलिखित होगा – (i) एक लेबल जिस पर उत्पाद का नाम, श्रेणी अभिधान विनिर्दिष्ट होगा और उस पर अनुसूची 3 में यथा उपवर्णित से मिलता हुआ एक डिजाईन होगा जिसमें "AGMARK" "एगमार्क" शब्द के साथ भारत के मानचित्र का रेखाचित्र और PRODUCE OF INDIA तथा "भारतीय उत्पाद" शब्दों के साथ उदय होते हुए सूर्य का चित्र होगा; या

(ii) अनुसूची 4 में यथा उपवर्णित से मिलती हुई "AGMARK" "एगमार्क" प्रतिकृति जिसमें प्राधिकार प्रमाणपत्र का संख्यांक सम्मिलित करते हुए एक डिजाइन "AGMARK" "एगमार्क" शब्द उत्पाद का नाम, श्रेणी अभिधान होगा।

परन्तु, "एगमार्क" लेबलों के बदले "एगमार्क" प्रतिकृति उपभोग केवल ऐसे प्राधिकृत पैकरों के लिए अनुज्ञात होगा जिसे कृषि विपणन सलाहकार या इस संबंध में प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा आवश्यक अनुज्ञा दी गई है और ऐसा साधारण श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम, 1988 के अधीन विहित शर्तों के अध्यधीन रहते हुए होगा।

6. पैक करने की रीति :– (1) साबुत जायफल स्वच्छ मजबूत और शुष्क जूट थैलों/खाद्य श्रेणी प्लास्टिक की बनी थैलियों में पैक किया जाएगा।

(2) जायफल चूर्ण नए, स्वच्छ मजबूत और शुष्क टीन या शीशे से बने आधानों में या स्तरिकापित/बहिर्वेधित/धातुयुक्त/बहुस्तरीय खाद्य श्रेणी प्लास्टिक सामग्री से बनी थलियों में पैक होंगे :–

(3) आधान कीट-ग्रस्त कवक संदूषण, हानिकारक पदार्थ और किसी अवांछनीय या घृणजनक गंध से मुक्त होंगे ;

(4) प्रत्येक आधान सुनिश्चित रूप से बन्द और उपयुक्त रूप से सीलबन्द किया जाएगा ;

(5) उपयुक्त संख्या में उपभोक्ता पैक जिसमें उसी श्रेणी अभिधान की और उसी लाट/बैच श्रेणीकृत सामग्री है मास्टर आधान जैसे कि काष्ठ पेटियों, कार्ड बोर्ड गत्ता बक्सों में पैक किया जा सकता है।

7. चिन्हांकन की रीति :– (1) श्रेणी अभिधान चिह्न प्रत्येक आधान पर मजबूती से लगाया या स्पष्ट और अमिट रूप से मुद्रित किया जाएगा ;

(2) श्रेणी अभिधान के अतिरिक्त निम्नलिखित विशिष्टियां लेबल या आधान पर स्पष्ट और अमिट रूप से चिन्हित की जाएगी :

(क) पैकर का नाम और पता,

(ख) पैकिंग का स्थान,

(ग) पैकिंग की तारीख, मास और वर्ष,

(घ) लाट/बैच संख्यांक,

(ङ) शुद्ध भार,

(च) मूल्य ;

(3) प्राधिकृत पैकर कृषि विपणन सलाहकार या इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी के पूर्व अनुमोदन से श्रेणीकृत पैकेजों पर अपना प्राईवेट व्यापार चिह्न या व्यापार ब्रांड अंकित कर सकेगा परन्तु यह तब जब कि वह ऐसी क्वालिटी उपदर्शित नहीं करता है जो श्रेणीकृत पैकेजों पर लगाए गए श्रेणी अभिधान चिह्न द्वारा उपदर्शित से भिन्न है।

8. प्राधिकार प्रमाणपत्र देने के लिए विशेष शर्तें :—

साधारण श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम, 1988 के नियम 3 के उपनियम (8) में विनिर्दिष्ट साधारण शर्तों के अतिरिक्त इन नियमों के अधीन साबुत जायफल और पिसे जायफल (चूर्णित) के प्राधिकार प्रमाणपत्र देने "ग" के लिए अतिरिक्त शर्तें निम्नलिखित होंगी, अर्थात् :—

(1) प्राधिकृत पैकर साबुत जायफल और पिसे जायफल (चूर्णित) की क्वालिटी का परीक्षण करने के लिए या तो अपनी प्रयोगशाला स्थापित करेगा जिसमें कृषि विपणन सलाहकार या इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा अनुमोदित कोई अर्हित रसायनज्ञ होगा या उसकी इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित राज्य श्रेणीकरण प्रयोगशाला या प्राईवेट वाणिज्यिक प्रयोगशाला में पहुंच होगी।

(2) प्रसंस्करण, पिसाई और पैकिंग के लिए परिसर पूर्ण स्वास्थ्यकर और स्वच्छ अवस्था में रखी जाएगी ;

(3) इन संक्रियाओं में लगे कार्मिक पूर्णतः स्वस्थ और किसी संसर्गिक रोग से मुक्त होंगे।

अनुसूची-1

(नियम 3 और नियम 4 देखिए)

साबुत जायफल के श्रेणी अभिधान और क्वालिटी की परिभाषा

श्रेणी अभिधान	क्वालिटी की परिभाषा			
	विशेष अपेक्षाएं			
	द्रव्यमान द्वारा आर्द्रता अंतर्वस्तु का प्रतिशत अधिकतम	द्रव्यमान द्वारा कीट ग्रसित अति ग्रस्त और टूटी हुई गिरी का प्रतिशत अधिकतम	वाष्पशील तेल अंतर्वस्तु मि. लि./ 100 ग्राम न्यूनतम	सामान्य लक्षण
1	2	3	4	5
मानक	8.0	3.0	6.0	साबुत जायफल

(क) मिरिस्टिका फैगरेन्स होट्यून

जायफल वृक्ष के पके फल की सूखी गिरी होगी

(ख) गोलाकार का धूमर भरे रंग सहित किंचित अंडाकार आकार में और अनेक मुक्ति खांचों से चिन्हित कठोर सतह का होगा,

(ग) अभिलाक्षणिक और सुरभित गंध और तीक्ष्ण, गर्म कुछ-कुछ कड़वा स्वाद होगा ;

(घ) विकृत गंधिता, गंधहीनता फफूंदी गंध, फफूंदी लगना और कृन्तक दूषण से मुक्त होगा ;

(ङ) बाह्य पदार्थों और मिलाए गए रंजक सहित पदार्थों से मुक्त होगा ;

(च) एफ्लेटोक्सीन अंतर्वस्तु धात्विक संदूषक और कीटनाशी अवशेष के बारे में निर्बंधन का अनुपालन करेगा जैसा कि खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 में विहित है।

अनुसूची–2

(नियम 3 और नियम 4 देखिए)

पिसे जायफल (चूर्णित) का श्रेणी अभिधान और क्वालिटी का परिभाषा

श्रेणी अभिधान	क्वालिटी की परिभाषा			
	विशेष अपेक्षाएं			
	द्रव्यमान द्वारा आर्द्रता के प्रतिशत अधिकतम	शुष्क आधार पर द्रव्यमान द्वारा कुल भस्म का प्रतिशत अधिकतम	शुष्क आधार पर द्रव्यमान द्वारा अविलेय भस्म का प्रतिशत अधिकतम	शुष्क आधार पर द्रव्यमान द्वारा कच्चे रेशों का प्रतिशत अधिकतम
1	2	3	4	5
मानक	8.9	3.0	0.5	5.0

शुष्क आधार पर द्रव्यमान अवाष्पशील निष्कर्षण प्रतिशत न्यूनतम	वाष्पशील तेल मि०लि०/100 ग्राम न्यूनतम	सामान्य लक्षण
6	7	8
30.0	6.0	पिसा जायफल (चूर्णित) का अर्थ– (क) मिरिस्टिका फैगरेन्स होट्यन जायफल वृक्ष के पके फलों की सूखी गिरियों को पीसकर प्राप्त चूर्ण होगा। (ख) अभिलाक्षणिक सुरभित गंध और तीक्ष्ण गर्म कुछ-कुछ कड़वा स्वाद होगा। (ग) विकृत गंधिता गंधहीनता फफूंदी गंध, फफूंदीदूषण कीट ग्रसन, कृन्तक दूषण बाह्य पदार्थों और मिलाए गए रंजक से मुक्त होगा (घ) एफलेटॉक्सीन अंतर्वस्तु, धात्विक संदूषक और कीटनाशी अवरोध के बारे में निर्बंधन का अनुपालन करेगा, जैसा कि खाद्यअपमिश्रण निवारण नियम, 1955 में विहित है।

अनुसूची—3

[नियम 5(1) देखिए]

श्रेणी अभिधान चिन्ह

एगमार्क लेबल पर डिजाईन



अनुसूची–4

[नियम 5 (ii) देखिए]

श्रेणी अभिज्ञान चिन्ह

"एगमार्क प्रतिकृति का डिजाईन"

Name of Commodity.....

Grade.....

[फा. सं. 18011/5/93-एम-I

पी. ज्यानि राव, संयुक्त सचिव

New Delhi, the 19th December, 1994

G.S.R. 39.—The following draft rules which the Central Government proposes to make, in exercise of the powers conferred by section 3 of the Agricultural Produce (Grading and Marking) Act, 1937 (1 of 1937) are hereby published, as required by the said section, for information of all the persons likely to be affected thereby, and notice is hereby given that the said draft rules will be taken into consideration after forty-five days from the date on which copies of the Gazette of India containing this notification are made available to the public ;

Any person desiring to make any suggestion or objection in respect of the said draft rules may forward the same, for consideration by the Central Government, within the period so specified, to the Agricultural Marketing Adviser to the Government of India, Directorate of Marketing and Inspection, Head Office, Central Government Offices, New Building, Neighbourhood-IV, Faridabad-121001 (Haryana).

DRAFT RULES

1. Short title, application and commencement.—(1) These rules may be called the Nutmeg Grading and Marking Rules, 1994.

(2) They shall apply to Nutmeg whole and Nutmeg ground (powdered) produced in India.

(3) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires—

(a) "Agricultural Marketing Adviser" means the Agricultural Marketing Adviser to the Government of India ;

(b) "Authorised Packer" means a person or a body of persons who has been granted a Certificate of Authorisation to grade and mark nutmeg whole and/or nutmeg ground (powdered) in accordance with the grade standards and procedure specified in these rules ;

(c) "Certificate of Authorisation" means a certificate issued under the provisions of the General Grading and Marking Rules, 1988 authorising a person or a body of persons to grade and mark nutmeg whole and/or nutmeg ground (powdered) with the grade designation mark ;

(d) "Schedule" means a Schedule annexed to these rules.

3. Grade designations.—The grade designations to indicate the quality of nutmeg whole and nutmeg ground (powdered) are as set out in column 1 of Schedule I and II.

4. Definition of quality.—The quality indicated by the respective grade designations shall be as set out against each grade designation in columns 2 to 5 of Schedule-I and in columns 2 to 8 of Schedule-II.

5. Grade designation marks.—The grade designation mark shall consist of—

(i) a label specifying name of the produce, grade designation and bearing a design consisting of an outline map of India with the word "AGMARK" and the figure of rising sun with words "produce of India" and " भारतीय उत्पाद " resembling the one as set out in Schedule III ; or

(ii) "AGMARK replica" consisting of a design incorporating the number of Certificate of Authorisation, the word "AGMARK", name of the produce, grade designation and resembling the one as set out in Schedule IV :

Provided that the use of AGMARK replica in lieu of AGMARK labels shall be allowed only to such authorised packers who have been granted necessary permission by the Agricultural Marketing Adviser or an officer authorised in this regard and subject to the conditions prescribed under the General Grading and Marking Rules, 1988.

6. Method of packing.—(1) Nutmeg whole shall be packed in clean, sound and dry jute bags or in pouches made of food grade plastic.

(2) Nutmeg powder shall be packed in new, clean, sound and dry containers made of tin, glass or in pouches made of laminated/extrusioned/metalised/multilayer food grade plastic materials.

(3) The containers shall be free from insect infestation, fungus contamination, deleterious substances and any undesirable or obnoxious smell.

(4) Each container shall be securely closed and suitably sealed.

(5) Suitable number of consumer packets containing graded material of the same grade designation and from the same lot/batch may be packed in master containers such as wooden cases, card board cartons etc.

7. Method of Marking.—(1) The grade designation mark shall be securely affixed to or clearly and indelibly printed on each container.

(2) In addition to the grade designation the following particulars shall be clearly and indelibly marked on the label or the container—

(a) Name and address of the packer,

(b) Place of packing,

(c) Date of packing, in month and year,

(d) Lot/batch number,

(e) Net weight,

(f) Price.

(3) The authorised packer may, with prior approval of the Agricultural Marketing Adviser or an officer authorised in this regard, affix his private trade mark or trade brand on the graded packages provided that the same does not indicate quality other than that indicated by the grade designation mark affixed to the graded packages.

8. Special conditions for grant of Certificate of Authorisation.—In addition to the general conditions specified in sub-rule (8) of rule 3 of the General Grading and Marking Rules, 1988, the following shall be the additional conditions for grant of certificate of Authorisation for grading and marking nutmeg whole and nutmeg ground (powdered) under these rules, namely :—

(1) The authorised packer shall either set up his own laboratory manned by a qualified chemist approved by the Agricultural Marketing Adviser or an officer authorised in this regard for testing quality of nutmeg whole and nutmeg ground (powdered) or have access to the State grading laboratory or private commercial laboratory approved for the purpose.

(2) The premises for processing, grinding and packing shall be maintained in perfect hygienic and sanitary conditions.

(3) The personnel engaged in these operations shall be in sound health and free from any contagious disease.

SCHEDULE-I

[See rules 3 and 4]

Grade designation and definition of quality of NUTMEG (Jaiphal) whole

Grade designation	Definition of quality			
	Special requirements			
	Moisture content per cent by mass Maximum	Insect damaged and broken kernels per cent by mass Maximum	Volatile oil content ml/100 gm Minimum	General characteristics
1	2	3	4	5
Standard	8.0	3.0	6.0	Nutmeg (Jaiphal) whole shall :— (a) be the dried kernel of ripe fruit of nutmeg tree Myristica fragrans, Houttuyn; (b) be spherical or slightly ovoid in shape with grayish brown colour and hard surface marked with numerous braided furrows, (c) have characteristic and aromatic odour and acrid warm slightly bitter taste; (d) be free from rancidity, off-flavour, musty odour mould growth, insect infestation and rodent contamination; (e) be free from extraneous matter and added colouring matter; (f) comply with the restrictions in regard to aflatoxin content, metallic contaminants and insecticide residue as prescribed under the prevention of Food Adulteration Rules, 1955.

SCHEDULE-II

(See rules 3 and 4)

Grade designation and definition of quality of NUTMEG GROUND (powdered).

Grade designation	Definition of quality					
	Special requirements					
	Moisture per cent by mass	Total ash per cent by mass on dry basis	Acid insoluble ash per cent by mass, on dry basis	Crude fibre per cent by mass on dry basis	Non-volatile either extract percent by mass on dry basis	Volatile oil ml/100 gm.
	Maximum	Maximum	Maximum	Maximum	Minimum	Minimum
1	2	3	4	5	6	7
Standard	8.0	3.0	0.5	5.0	30.0	6.0

General characteristics

8

Nutmeg ground (powdered) shall :—

(a) be the powder obtained by grinding and dried kernels of ripe fruits of nutmeg trees Myristica fragrans, Houttuyn;

(b) have the characteristic aromatic flavour and acrid, warm, slightly bitter taste;

(c) be free from rancidity, off-flavour musty odour, fungal contamination, insect infestation, rodent contamination extraneous matter and added colouring matter;

(d) comply with the restrictions in regard to aflatoxin content, metallic contaminants and insecticide residue as prescribed under the Prevention of Food Adulteration Rules, 1955.

SCHEDULE-III

[See Rule 5(i)]

Grade Designation Mark

'Design on the AGMARK label'



SCHEDULE-IV

[See Rule 5(ii)]

Grade Designation mark

'Design of AGMARK replica'



NAME OF COMMODITY.....

GRADE.....

[File No. 18011/5/93-M.II]

P. JYOTI RAO, Jt. Secy.

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, 9 जनवरी, 1995

सा.का.नि. 40 :—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में ज्येष्ठ दंत तकनीशियन के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली (समूह "ग") (ज्येष्ठ दंत तकनीशियन) भर्ती नियम, 1995 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान : उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से स्तम्भ 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि : उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से स्तम्भ 14 में विनिर्दिष्ट हैं।

4. निरर्हता : वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5 शिथिल करने की शक्ति : जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति : इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूत-पूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1972 के नियम, 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं ।	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा
1	2	3	4	5	6	7
ज्येष्ठ दंत तकनीशियन	1 (एक)* (1993) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।	साधारण केंद्रीय सेवा समूह "ग" अराजपत्रित अननुसचित्रीय	1400-40-1800-द. रो.-50-2300 रु.	अचयन	नहीं	18 और 28 वर्ष के बीच (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए शिथिल करके 40 वर्ष तक की जा सकती है) । टिप्पण: 1. आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चम्बा जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है) । टिप्पण : 2. रोजगार कार्यालयों के माध्यम से की जाने वाली भर्ती की दशा में आयु-सीमा, अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जिस तक रोजगार कार्यालयों से नाम भेजने के लिए कहा गया है ।

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं ।	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होगी या नहीं ।	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो ।
8	9	10
आवश्यक : (i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से विज्ञान विषय सहित इंटरमीडिएट या समतुल्य । (ii) रजिस्ट्रीकृत दंत स्वास्थ्य विज्ञानी और (iii) दंत स्वास्थ्य विज्ञानी/दंत तकनीशियन के रूप में एक वर्ष का अनुभव ।	आयु : नहीं अर्हता : नहीं, किन्तु विज्ञान विषय सहित कम से कम मैट्रिक पास या समतुल्य और रजिस्ट्रीकृत दंत स्वास्थ्य विज्ञानी होना चाहिए ।	दो वर्ष

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता ।	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा ।
11	12
शतप्रतिशत प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा ।	ऐसे दंत स्वास्थ्य विज्ञानी/दंत तकनीशियन में से प्रोन्नति जिन्होंने अपनी-अपनी श्रेणियों में पांच वर्ष नियमित सेवा की है ।
यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
13	14
समूह "ग" विभागीय प्रोन्नति समिति जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी : 1. परामर्शी/ज्येष्ठ चिकित्सक/ज्येष्ठ शल्य चिकित्सक—अध्यक्ष 2. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी —सदस्य 3. संबद्ध विभागाध्यक्ष —सदस्य	लागू नहीं होता ।

[सं. ए-12018/8/92-आरआर (एच)]

लाल सिंह, अवर सचिव

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

New Delhi, the 9th January, 1995

G.S.R. 40.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the methods of recruitment to the post of Senior Dental Technician in the Safdarjang Hospital, New Delhi, namely :—

1. Short title and commencement.—(i) These rules may be called the Safdarjang Hospital, New Delhi (Group 'C') (Senior Dental Technician) Recruitment Rules, 1995.

(ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of post, classification and scale of pay.—The number of said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit, qualifications etc.—The method of the recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be specified in columns 5 to 14 of the said Schedule.

4. Disqualification.—No person—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-Servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

THE SCHEDULE

Name of post	Number of post	Classification	Scale of pay	Whether Selection post or non-selection post
1	2	3	4	5
Senior Dental Technician	1(One)* (1993) *Subject to variation dependent on work-load.	General Central Service Group 'C' Non-Gazetted Non-Ministerial.	Rs. 1400-40-1800-EB-50-2300.	Non-Selection

Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
6	7	8
(3) इन नियमों के अधीन खतरनाक स्थोरा का लदान करने वाले प्रत्येक पोत पर पोत की मजबूती और विभिन्न मानक लदान अवस्था में स्थोरा के वितरण के बारे में व्यापक सूचना होगी । वाणिज्य पोत परिवहन (लदान) नियम, 1979 के अधीन उपलब्ध सूचना पर्याप्त समझी जाएगी ।

4. स्थोरा सूचना : (1) माल भेजने वाला, मास्टर या उसके प्रतिनिधि को स्थोरा पर लदान से पर्याप्त अग्रिम में उन पूर्वावधानियों के बारे में समुचित सूचना उपलब्ध कराएगा जो स्थोरा के समुचित नौभरण और सुरक्षित वहन करने के लिए प्रभावी करना आवश्यक हो । ऐसी सूचना की, पोत पर स्थोरा की लदान से पूर्व लिखित में और समुचित पोत परिवहन दस्तावेजों द्वारा पुष्टि की जाएगी ।

(2) स्थोरा सूचना में निम्नलिखित सम्मिलित होगा :—

(क) साधारण स्थोरा की दशा में, और स्थोरा एककों में वहन किए गए स्थोरा के बारे में, स्थोरा का साधारण वर्णन, स्थोरा या स्थोरा एकक का सकल परिमाण और स्थोरा का कोई विशेष सुसंगत गुणधर्म ;

(ख) प्रपुंज स्थोरा की दशा में, स्थोरा के नौभरण तत्व की सूचना कतरन, प्रक्रिया, और सान्द्रण तथा अन्य स्थोरा की दिशा में, जो द्रवित हो सकता है स्थोरा की आर्द्रता धारित, और इसकी परिवहनीय आर्द्रता सीमा के बारे में प्रमाणपत्र के प्ररूप में अतिरिक्त सूचना ;

(ग) ऐसे प्रपुंज स्थोरा के बारे में जिसे नियम 10 के उप-नियम (1) के उपबंधों के अनुसार वर्गीकृत नहीं किया गया है किन्तु जिसमें ऐसी रासायनिक गुणधर्मिता है जिससे संभाव्य परिसंकट उत्पन्न हो सकता है इस नियम द्वारा अपेक्षित सूचना के अतिरिक्त इसकी रासायनिक गुणधर्मिता की सूचना ;

(3) पोत के फलक पर स्थोरा एकक की लदाई करने से पूर्व, माल भेजने वाला यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसे एकक का सकल परिमाण परिवहन दस्तावेज में घोषित सकल परिमाण के अनुसार है ।

5. अंतरराष्ट्रीय सामुद्रिक संगठन संहिता—प्रत्येक पोत को फलक पर वहन किए जाने के लिए आशयित विशिष्ट स्थोरा से संबंधित इन नियमों में निर्दिष्ट और अंतरराष्ट्रीय सामुद्रिक संगठन द्वारा अंगीकृत समुचित संहिता उपलब्ध कराई जाएगी ।

6. नौभरण और प्राप्त करना—पोत के फलक पर किसी स्थोरा के नौभरण और उसको प्राप्त करते समय मास्टर स्थोरा नौभरण संहिता में विनिर्दिष्ट उपबंधों का पालन करेगा और विशिष्ट रूप से यह सुनिश्चित करेगा कि :

(1) डाक पर या उसके नीचे वहन किया जाने वाला स्थोरा या स्थोरा एकक की लदाई नौभरण और प्राप्ति इस प्रकार की जाएगी कि यथासाध्य पूरी समुद्री यात्रा के दौरान पोत को और फलक पर के व्यक्तियों को होने वाले नुकसान या परिसंकट को और फलक पर के स्थोरा को हानि से निवारित किया जा सके ।

(2) स्थोरा एकक में वहन किया जाने वाला स्थोरा, एकक के भीतर इस प्रकार पैक और प्राप्त किया जाएगा कि पूरी समुद्री यात्रा के दौरान पोत को और पोत फलक पर के व्यक्तियों को होने वाला नुकसान या परिसंकट को निवारित किया जा सके ।

(3) पोत को संरचनात्मक नुकसान न होने देने को सुनिश्चित करने और पूरी समुद्री यात्रा के दौरान पर्याप्त मजबूती बनाए रखने सुनिश्चित करने के लिए भारी स्थोरा या असामान्य भौतिक आकार वाले स्थोरा की लदाई और परिवहन के दौरान पर्याप्त पूर्वावधानियां बरती जाती है ।

(4) रो-रो पोतों के फलक पर या पोत पर स्थोरा एककों की लदाई और परिवहन के दौरान विशेषकर ऐसे पोतों के फलक पर प्रतिग्राहय व्यवस्था और स्थोरा एककों तथा प्रतिग्राहय बिन्दु और रस्सियों की मजबूती के संबंध में समुचित पूर्वावधानियां बरती जाती हैं ।

(5) सुरक्षित आधानों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन (सी.एस.सी) के अधीन उस पर लगाई गई सुरक्षा अनुमोदन प्लेट पर उपदर्शित अधिकतम सकल भार से अधिक भार की आधानों पर लदाई नहीं की जाती है ।

(6) ऐसे किसी पोत पर जो स्थोरा नौभरण संहिता के अंतर्गत आने वाले स्थोरा एककों और अन्य तत्वों को ले जा रहा है, नौ सलाहकार द्वारा सम्यक् रूप से अनुमोदित स्थायी प्रतिग्राह्य निर्देशिका साथ जाएगी ।

(7) खतरनाक स्थोरा वाली घटनाओं की रिपोर्ट करना :— (1) जब कोई ऐसी घटना घटती है जिसमें फलक पर खतरनाक स्थोरा जिसमें पैक किया खतरनाक माल, प्रपुंज में खतरनाक स्थोरा की हानि या हानि होने की संभावना तब है मास्टर या ऐसे अन्य व्यक्ति को जो पोत का भारसाधक है, ऐसी घटना की विशिष्टियों को अविलम्ब और जहां तक सम्भव हो पूरे विस्तार से तटीय राज्य को रिपोर्ट करेगा । रिपोर्ट, अंतर्राष्ट्रीय सामुद्रिक संगठन द्वारा अनुमोदित पोत रिपोर्ट प्रणाली के सामान्य सिद्धांत और पोत रिपोर्ट करने की अपेक्षाओं जिसमें खतरनाक माल, हानिकर पदार्थ और/या सामुद्रिक प्रदूषण की घटना सम्मिलित है, पर आधारित होगी ।

(2) उप नियम (1) में निर्दिष्ट ऐसे पोत की दशा में जो परित्यक्त है या ऐसे पोत से रिपोर्ट की दशा में जो अपूर्ण या अग्राह्य है पोत का स्वामी, चार्टरकर्ता, प्रबंधक या प्रचालक या उसके अभिकर्ता यथासंभव पूरे विस्तार से इन नियमों के अधीन मास्टर पर सौंपी गई बाध्यताओं को संभालेगा ।

(3) प्रत्येक ऐसा पोत जो खतरनाक स्थोरा का वहन कर रहा है खतरनाक मालों का वहन करने वाले पोत के लिए आपातकालीन प्रक्रिया के अनुपालन में विशेष आपात-कालीन उपकरण जिसमें आई.एम.डी.जी. संहिता की अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट (आपात-अनुसूची) सुरक्षात्मक पहनावा भी सम्मिलित है, का वहन करेगा । ऐसे सुरक्षात्मक पहनावे और उपकरण फलक पर स्थोरा का वहन या लदाई या उतराई किए जाने तक तैयार रखा जाएगा । प्रत्येक पोत का मास्टर यह सुनिश्चित करेगा कि कर्मीदल ऐसे उपकरणों के उपयोग से सुपरिचित है ।

(4) प्रत्येक ऐसी घटना में जिसमें खतरनाक माल अंतर्वलित है, मास्टर अंतर्राष्ट्रीय सामुद्रिक संगठन द्वारा अंगीकृत पोत के लिए, अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा मार्गदर्शन, आई.एम.डी.जी. संहिता के उपाबद्ध खतरनाक माल अंत-र्वलित घटना के लिए प्राथमिक चिकित्सा मार्गदर्शन और वाणिज्य पोत परिवहन (औषध वहन) नियम में विनिर्दिष्ट औषधियों की सूची द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करेगा ।

भाग-3

8. लागू होना :— यह भाग निम्नलिखित के वहन को लागू होता है, अर्थात् :—

(i) पैकेज रूप में खतरनाक माल

(ii) ठोस प्रपुंज स्थोराओं और

(iii) डेक स्थोरा जिनमें टिम्बर डेक स्थोरा, सम्मिलित हैं,

9. पैकेज रूप में खतरनाक माल—(1) जब तक कि अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबंधित न हो, नियम 10 के उपनियम (1) में यथा वर्गीकृत पैकेज रूप में खतरनाक माल ले जाने वाला प्रत्येक पोत, आई.एम.डी.जी. संहिता की अपेक्षाओं का अनुपालन करेगा ।

(2) 1 जुलाई, 1986 के पश्चात निर्मित प्रत्येक ऐसा पोत इसके अतिरिक्त, पहली अनुसूची की अपेक्षाओं का अनु-पालन करेगा और ऐसा अनुपालन करने पर दूसरी अनुसूची में यथा विहित प्रधान अधिकारी द्वारा एक अनुपालन दस्तावेज जारी किया जाएगा ।

(3) ऐसा अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए या ऐसी अल्पावधि के लिए जो प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट की जाए, प्रवृत्त होगा ।

10. वर्गीकरण, पहचान और प्लेखीकरण—(1) इन नियमों के प्रयोजनार्थ खतरनाक माल को निम्नलिखित रूप में वर्गीकरण किया जाएगा ।

वर्ग 1	विस्फोटक
वर्ग 2	गैस संपीडित, द्रवित या दाब पर विलीन
वर्ग 3	ज्वलनशील/द्रव
वर्ग 4	ज्वलनशील/ठोस
वर्ग 4.2	ऐसे पदार्थ जो स्वतः दहन हो सकते हैं
वर्ग 4.3	ऐसे पदार्थ, जो, जल के संपर्क में ज्वलनशील गैस का उत्सर्जन करते है ।
वर्ग 5.1	आक्सीकारक पदार्थ
वर्ग 5.2	कार्बनिक परआक्साइड
वर्ग 6.1	विषाक्त (विषैले) पदार्थ
वर्ग 6.2	संक्रामक पदार्थ
वर्ग 7	रेडियो ऐक्टिव पदार्थ
वर्ग 8	संक्षारक
वर्ग 9	प्रकीर्ण खतरनाक पदार्थ अर्थात् ऐसा अन्य पदार्थ जिसके बारे में अनुभव से यह दर्शित हुआ है या दर्शित हो सकता है कि वह इतनी खतरनाक प्रकृति का है कि इस भाग के उपबन्ध उसे लागू होंगे ।

(2) समुद्री मार्ग द्वारा खतरनाक माल के वहन से संबंधित सभी दस्तावेजों में जहां माल का नाम दिया जाता है माल का सही तकनीकी नाम और आई एम.डी.जी. संहिता में उसे आबंटित यू.एन. संख्यांक का प्रयोग किया जाएगा (केवल व्यवसाय नाम का प्रयोग नहीं किया जाएगा) और उपनियम (1) में उपवर्णित वर्गीकरण के अनुसार सही विवरण दिया जाएगा । समुद्री प्रदूषक के रूप में परिलक्षित उपहानिकर पदार्थों की दशा में, दस्तावेजों में समुद्री प्रदूषक

दों को जोड़ कर पदार्थ को और परिलक्षित किया जाएगा ।

(3) माल भेजने वाले द्वारा तैयार किए गए पोत परि-न दस्तावेजों में, तीसरी अनुसूची में विनिदिष्ट प्ररूप में उपदर्शित करते हुए एक हस्ताक्षरित घोषणा होगी या कि साथ लगाई जाएगी कि वहन के लिए प्रस्तुत किया ा माल समुचित रूप से पैक किया हुआ और चिन्हित, ल या प्लेकार्ड लगा हुआ है और वह वहन के लिए चत दशा में है और जहां लागू हो, समुद्री पर्यावरण के संकट को कम करने के लिए है ।

(4) किसी भाड़ा आधान या सड़क यान में खतरनाक न को पैक करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति एक हस्ताक्ष-ा आधान पैकिंग घोषणा या यान पैकिंग घोषणा यह कथन ते हुए करेंगे कि एकक में स्थोरा को समुचित रूप से और सुरक्षित किया गया है और यह कि सभी लागू वहन अपेक्षाएं पूरी कर दी गई है । ऐसा प्रमाणपत्र, नियम के उपनियम (3) में निर्दिष्ट दस्तावेज के साथ ड़ा जा सकता है ।

(5) जहां, संदेह करने का सम्यक हेतु हो, प्रर्थात् ा भाड़ा आधान या सड़क यान, जिसमें खतरनाक माल किया गया है, उपनियम (2) या उपनियम (3) की क्षाओं के अनुपालन में नहीं है या जहां आधान पैकिंग ाणपत्र या यान पैकिंग घोषणा उपलब्ध नहीं है, वहां ड़ा आधान या यान लदाई के लिए स्वीकार नहा किया गा ।

(6) खतरनाक माल का वहन करने वाले प्रत्येक ा में एक विशेष सूची या माल सूची होगी जिसमें इस म के उपनियम (1) में उपवर्णित वर्गीकरण के अनुसार क पर के खतरनाक माल और उनका अवस्थान उपवर्णित । ऐसी विशेष सूची या माल सूची के स्थान पर एक ा ब्योरेवार भरण व्यवस्था का, जो फलक पर के सभी रनाक माल को वर्ग द्वारा परिलक्षित करती है और उनके स्थान को उपवर्णित करती है, प्रयोग किया जा सकेगा । के दशा में, समुद्री प्रदूषक के रूप में परिलक्षित उपहानि- पदार्थो और अन्य खतरनाक माल के बीच स्पष्ट विभेद ा जाएगा । इन दस्तावेजों में से एक दस्तावेज को एक ा प्रस्थान करने से पूर्व भारत में वाणिज्यिक समुद्री विभाग किसी व्यक्ति या पत्तन राज्य प्राधिकारी द्वारा भारत के र किसी पत्तन में अभिहित किसी संगठन, यदि कोई हो, प्रस्तुत की जाएगी ।

11. पैकेजिंग; चिन्हांकन लेबल लगाना और प्लेकार्ड लगाना—

(1) खतरनाक माल की पैकेजिंग ।

(क) अच्छी तरह से तथा अच्छी हालत में की जाएगी,

(ख) इस स्वरूप की होगी कि उसकी कोई आंतरिक सतह, जिसके संपर्क में अंतर्वस्तु आ सके वहन किए जा रहे पदार्थ द्वारा खतरनाक ढंग से प्रभावित न हो, और

(ग) समुद्र मार्ग द्वारा वहन किए जाने और हैंडलिंग के साधारण जोखिम का मुकाबला करने में समर्थ हो ।

(2) जहां द्रवों की पात्रों में पैकेजिंग करने के लिए अवशोषक या गद्दीदार सामग्री का प्रयोग करना प्रचलित हो, वहां वह सामग्री :

(क) ऐसी होगी जो ऐसे खतरों को कम करने में समर्थ हो जो द्रव द्वारा उत्पन्न हो सकें,

(ख) इस प्रकार रखी जाएगी जिससे उसका संचलन रोका जा सके और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पात्र घिरा रहे, और

(ग) जहां युक्तियुक्त रूप से संभव हो, इतनी पर्याप्त मात्रा में होगी कि पात्र के टूट जाने की दशा में द्रव को सोख सके ।

(3) ऐसे पात्रों में, जिनमें खतरनाक माल है, भरण तापमान पर एक नोदक रिक्ति होगी जो सामान्य वहन के दौरान उच्चतम तापमान का सामना करने के लिए पर्याप्त हो ।

(4) ऐसे पैकेजों पर, जिनमें खतरनाक माल हो, सही तकनीकी नाम स्थायी रूप से चिन्हांकित किया जाएगा, केवल व्यापार नाम का प्रयोग नहीं किया जाएगा ।

(5) ऐसे पैकेजों पर, जिनमें खतरनाक माल हो, सुभिन्न लेबलों के स्टेंसिल या प्लेकार्ड, जो भी उचित हो, लगाए जाएंगे, जिससे कि उनमें अंतर्विष्ट माल की खतरनाक विशेषताएं स्पष्ट हो सकें ।

(6) खतरनाक माल से युक्त पैकेजों पर सही तकनीकी नाम चिन्हित करने और लेबल चिपकाने या लेबलों के स्टेंसिल लगाने या प्लेकार्ड लगाने की पद्धति ऐसी होगी कि यह जानकारी पैकेजों पर समुद्र में कम से कम तीन मास के निमज्जन के पश्चात भी परिलक्षित होती रहे । उपयुक्त चिन्हांकन लेबल लगाने और प्लेकार्ड लगाने की पद्धतियों पर विचार करते समय प्रयुक्त सामग्री के टिकाऊपन और पैकेज की सतह का ध्यान रखा जाएगा ।

(7) खतरनाक माल से युक्त पैकेज इस नियम में यथा विनिर्दिष्ट रूप में चिन्हांकित किए जाएंगे या उन पर लेबल लगाए जाएंगे परन्तु नौ सलाहकार निम्नलिखित को चिन्हांकन की अपेक्षा से छूट दे सकेगा :

1. कम परिसंकट वाले खतरनाक माल से युक्त पैकेज या मात्रा में खतरनाक माल से युक्त पैकेज या,

2. ऐसे पैकेज, जो ऐसे एककों में भरे और हैंडल किए जाते है, जो लेबलों या प्लेकार्डों से पहचाने जाते है ।

12. भरण अपेक्षाएं :— (1) खतरनाक माल का भरण माल की प्रकृति के अनुसार सुरक्षित रूप से और समुचित रूप से किया जाएगा । असंगत माल को एक दूसरे से अलग रखा जाएगा ।

(2) ऐसे विस्फोटक (गोला-बारूद के सिवाय), जो गंभीर जोखिम उत्पन्न करते हैं, ऐसे मैगजीन में भारित किए जाएंगे जो समुद्र मार्ग द्वारा ले जाते समय सुरक्षित रूप से बंद रखा जाएगा । ऐसे विस्फोटकों को विस्फोट प्रेरकों से पृथक रखा जाएगा। किसी भी कम्पार्टमेंट में, जिसमें विस्फोटकों का वहन किया जा रहा हो, विद्युत साधित्र तथा केबल इस प्रकार व्यवस्थित और प्रयुक्त किए जाएंगे कि अग्नि या विस्फोट का जोखिम कम रहे ।

(3) पैकेज किए गए खतरनाक माल, जो खतरनाक वाष्प निकालते हैं, यांत्रिक रूप से संवातित स्थान या डेक पर भारित किए जाएंगे । प्रपुंज में ऐसे ठोस खतरनाक माल जो खतरनाक वाष्प निकालते हैं, सुसंवातित स्थानों पर भारित किए जाते हैं ।

(4) ज्वलनशील द्रवों या गैसों का वहन करने वाले पोतों में जहां आवश्यक हो, वहां अग्नि या विस्फोट से बचने की विशेष पूर्वाविधानियां बरती जाएंगी ।

(5) ऐसे पदार्थों का, जो स्वतः तप्त या दहन योग्य हों, तब तक वहन नहीं किया जाएगा जब तक आग लगने की संभाव्यता को कम करने की पर्याप्त पूर्वाविधानियां न बरती गई हों ।

(6) समुद्री प्रदूषकों के रूप में परिलक्षित अपहानिकर पदार्थों को उचित रूप से भारित और सुरक्षित किया जाएगा जिससे कि समुद्री पर्यावरण के परिसंकट को कम किया जा सके । ऐसे पदार्थ का पैकेज के रूप में अवभारण और ऐसे पदार्थ के किसी क्षरण का फलक पर धोना वहां के सिवाय जहां पोत की सुरक्षा सुनिश्चित करने या समुद्र में प्राण रक्षा के प्रयोजन के लिए आवश्यक हो, प्रतिषिद्ध है ।

13. विस्फोटकों का वहन :— (1) इस नियम में विनिर्दिष्ट विस्फोटकों और संगत समूहों के खण्डों के वही अर्थ हैं जो आई एम डी जी संहिता में हैं ।

(2) आई एम डी जी संहिता के खंड 1.4 और संगत समूहों के विस्फोटकों का किसी भी मात्रा में यात्री पोतों में वहन किया जा सकेगा । निम्नलिखित में से किसी एक विस्फोटक के सिवाय, किसी अन्य विस्फोटक का वहन नहीं किया जाएगा :

(i) प्राण-रक्षा प्रयोजनों के लिए विस्फोटक वस्तुएं यदि ऐसी वस्तुओं का कुल शुद्ध विस्फोटक द्रव्यमान 50 कि.ग्रा. प्रति पोत से अधिक नहीं है,

(ii) संगत समूह ग, घ और ङ में के विस्फोटक, यदि कुल शुद्ध विस्फोटक द्रव्यमान 10 कि.ग्रा. प्रति पोत से अधिक नहीं है, या

(iii) संगत समूह छ में विशेष भारण की अपेक्षा करने वाली विस्फोटक वस्तुओं से भिन्न विस्फोटक वस्तुएं यदि कुल शुद्ध विस्फोटक द्रव्यमान 10 कि.ग्रा. प्रति पोत से अधिक नहीं है ; या

(iv) संगत समूह "ख" में की विस्फोटक वस्तुएं, यदि कुल शुद्ध विस्फोटक द्रव्यमान 5 कि.ग्रा. प्रति पोत से अधिक नहीं है ।

(3) इस नियम के उपनियम (2) के उपबंधों में किसी बात के होते हुए भी विस्फोटकों की अतिरिक्त मात्रा या उनके प्रकार का ऐसे यात्री पोतों में वहन किया जा सकेगा जिनमें नौ-सलाहकार द्वारा अनुमोदित विशेष सुरक्षा उपाय किए गए हैं ।

14. खाद्यान्न से भिन्न ठोस खुले स्थोरा का वहन:— (1) खाद्यान्न से भिन्न ठोस खुले स्थोरा का भारण करने वाला प्रत्येक पोत बी सी संहिता की साधारण अपेक्षाओं और उस संहिता के परिशिष्ट क, ख और ग में विनिर्दिष्ट विशिष्ट अपेक्षा या पूर्वाविधानियों का अनुपालन करेगा ।

(2) खुले स्थोरा युक्तियुक्त रूप से यथावश्यक स्तर पर स्थोरा के खाली स्थान की सीमाओं तक लादे और समांकृतिक किए जाएंगे जिससे स्थानांतरण के जोखिम को कम किया जा सके और पूरी यात्रा के दौरान पर्याप्त स्थिरता बनाई रखी जा सके ।

(3) जब खुला स्थोरा ट्वीन डैकों में वहन किए जाए तब ऐसे ट्वीन डैकों के विपात द्वार ऐसे मामलों में बंद कर दिए जाएंगे जहाँ लदाई-उतराई जानकारी सबसे निचली संरचना पर दबाव का अस्वीकार्य स्तर उपदर्शित करती है, यदि विपात द्वार खुले छोड़ दिए जाएं । स्थोरा का युक्तियुक्त स्तर तक समांकृतन किया जाएगा और वह या तो एक ओर से दूसरी ओर तक किया जाएगा या उसी पर्याप्त क्षमता वाले अतिरिक्त अनुदैर्ध्य विभाजनों द्वारा सुरक्षित किया जाएगा । ट्वीन डैकों की सुरक्षित भारवहन क्षमता का यह सुनिश्चित करने के लिए अनुपालन किया जाएगा कि डैक संरचना की भराई अधिक न हो ।

(4) सांद्र या अन्य स्थोरा, जो द्रवित हो सकते हैं, लदाई के लिए केवल तभी स्वीकार किए जाएंगे जब कि स्थोरा की वास्तविक आर्द्रता अंतर्वस्तु, उसकी परिवहन योग्य आर्द्रता सीमा से कम हो । परन्तु ऐसे सांद्र और अन्य स्थोरा तब भी लदाई के लिए स्वीकार किए जा सकेंगे जब उनकी आर्द्रता अंतर्वस्तु ऊपरी सीमा से अधिक है, यदि सुरक्षा प्रबंध, जिसके अंतर्गत स्थोरा के किसी कल्पित स्थानांतरण की दशा में पर्याप्त स्थिरता और पर्याप्त संरचनात्मक समग्रता भी है, नौ-सलाहकार के समाधानप्रद रूप में किए गए हों ।

(5) किसी ऐसे खुला स्थोरा की लदाई से पूर्व, जो नियम 10 के उपनियम (1) के उपबंधों के अनुसार वर्गीकृत कोई स्थोरा नहीं है किन्तु जिसमें ऐसे रासायनिक गुण हैं जो संभाव्य परिसंकट उत्पन्न कर सकते हैं, उसके सुरक्षित वहन के लिए विशेष पूर्वाविधानियां बरती जाएंगी ।

(6) बी.सी. संहिता के परिशिष्ट क, ख और ग में विनिर्दिष्ट स्थोरा को वहन करने वाले प्रत्येक पोत को

द्वितीय अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट अनुपालन प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा । ऐसा प्रमाण-पत्र केवल तभी जारी किया जाएगा जब ऐसे पोत ने इन नियमों और बी.सी. संहिता की अपेक्षाओं का अनुपालन कर लिया हो ।

(7) उपनियम (6) में निर्दिष्ट ऐसा अनुपालन प्रमाण-पत्र जारी करने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि या ऐसी अल्पावधि के लिए जो प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट की जाए, प्रवृत्त रहेगा ।

15. डैक स्थोरा, जिसके अंतर्गत टिम्बर डैक स्थोरा भी है, का वहन :–

(1) जब स्थोरा डैक पर वहन किए जाते हैं तब मास्टर इन नियमों के नियम 6 के उपबंधों का अनुपालन करेगा ।

(2) टिम्बर डैक स्थोरा का वहन करने वाला प्रत्येक जलयान टिम्बर कोड के उपबंधों और वाणिज्यिक पोत परिवहन (माल रेखा) नियम, 1978 की अपेक्षाओं का अनुपालन करेगा ।

भाग 4

16. लागू होना :– यह भाग थोक में खाद्यान्न के वहन को लागू होता है ।

17. खाद्यान्न का वहन :– (1) खाद्यान्न का वहन करने वाला प्रत्येक पोत खाद्यान्न संहिता की अपेक्षा का अनुपालन करेगा ।

(2) प्रत्येक ऐसा पोत तब तक खाद्यान्न का धारण नहीं करेगा, जब तक :

(क) पोत में खाद्यान्न संहिता द्वारा यथापेक्षित मुख्य सर्वेक्षक द्वारा सम्यक् रूप से जारी किया गया प्राधिकार दस्तावेज न हो ।

(ख) ऐसे पोत का मास्टर, मुख्य सर्वेक्षक या लदान पत्तन पर मुख्य सर्वेक्षक द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य प्राधिकारी का यह समाधान कर देता है कि पोत खाद्यान्न संहिता की अपेक्षाओं का उसकी प्रस्तावित लदान दशा में अनुपालन करेगा ।

भाग 5

18. लागू होना : यह भाग–

(क) द्रवित गैसों, और

(ख) थोक खतरनाक या अपायकर द्रव पदार्थों को लागू होता है ।

19. खतरनाक द्रव रसायनों का थोक वहन :—(1) खतरनाक या अपायकर द्रव पदार्थों का :–

(क) 1 जुलाई, 1986 को या उसके पश्चात् सन्निर्मित रसायन टैंकरों के लिए आई बी सी संहिता

या

(ख) अन्य सभी रसायन टैंकरों के लिए बी सी एच संहिता की अपेक्षाओं के अनुसार थोक वहन किया जाएगा ।

(2) प्रत्येक ऐसा रसायन टैंकर, उसके सन्निर्माण की तारीख को विचार में लाए बिना, जिसे खतरनाक या अपायकर द्रव पदार्थों के वहन के लिए संपरिवर्तित या अनुकूलित किया गया है, उस तारीख को, जब ऐसा संपरिवर्तन प्रारम्भ हुआ सन्निर्मित रसायन टैंकर माना जाएगा ।

(3) प्रत्येक रसायन टैंकर को, अधिनियम की धारा 299 क, धारा 300, धारा 301 और धारा 316 में विनिर्दिष्ट प्रमाणपत्रों के अतिरिक्त :–

(क) ऐसे रसायन टैंकर का आई बी सी संहिता में यथा-विनिर्दिष्ट सर्वेक्षण किए जाने के पश्चात् चौथी अनुसूची में विनिर्दिष्ट खतरनाक रसायनों के थोक वहन के लिए अंतरराष्ट्रीय उपयुक्तता प्रमाण-पत्र या

(ख) ऐसे रसायन टैंकर का बी सी एच संहिता में यथा विनिर्दिष्ट सर्वेक्षण किए जाने के पश्चात् चौथी अनुसूची में यथा-विनिर्दिष्ट खतरनाक रसायनों के थोक वहन के लिए उपयुक्तता प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा ।

(4) उपनियम (3) में निर्दिष्ट उपयुक्तता प्रमाण-पत्र, जारी किए जाने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए या ऐसी लघुतर अवधि के लिए, जो प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट की जाए, प्रवृत्त रहेगा ।

20. द्रवित गैसों का थोक वहन :—(1) खतरनाक या अपायकर द्रव पदार्थों का थोक में :

(क) 1 जुलाई, 1986 को या उसके पश्चात् सन्निर्मित रसायन टैंकरों के लिए आई जी सी संहिता,

या

(ख) अन्य सभी रसायन टैंकरों के लिए गैस संहिता की अपेक्षाओं के अनुसार वहन किया जाएगा ।

(2) प्रत्येक ऐसा गैस वाहक, उसके सन्निर्माण की तारीख को विचार में लाए बिना, जिसे द्रवित गैस के वहन के लिए संपरिवर्तित या अनुकूलित किया गया है, उस तारीख को जिसको ऐसा संपरिवर्तन प्रारम्भ हुआ, सन्निर्मित गैस वाहक माना जाएगा ।

(3) प्रत्येक गैस वाहक को, अधिनियम की धारा 299क, धारा 300, धारा 301 और धारा 316 में विनिर्दिष्ट प्रमाणपत्रों के अतिरिक्त :

(क) ऐसे गैस वाहक को आई जी सी संहिता में यथाविनिर्दिष्ट सर्वेक्षण किए जाने के पश्चात् छठी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट द्रवित गैसों के

थोक वहन के लिए अंतरराष्ट्रीय उपयुक्तता प्रमाणपत्र, या

(ख) ऐसे गैस वाहक का, गैस संहिता में यथा-विनिर्दिष्ट सर्वेक्षण किए जाने के पश्चात् सातवीं अनुसूची में यथा-विनिर्दिष्ट द्रवित गैसों के थोक वहन के लिए उपयुक्तता प्रमाण पत्र, जारी किया जाएगा ।

(4) उपनियम (3) में निर्दिष्ट प्रत्येक उपयुक्तता प्रमाणपत्र जारी किए जाने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए या ऐसी लघुत्तर अवधि के लिए जो प्रमाणपत्र में विनिर्दिष्ट की जाए, प्रवृत्त रहेगा ।

भाग—6

प्रकीर्ण

21 (1) महानिदेशक द्वारा उस देश की सरकार को जिसको सुरक्षा कन्वेंशन लागू होता है इन नियमों में विनिर्दिष्ट योग्यता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अनुरोध कर सकता है। ऐसे अनुरोध के अनुसरण में जारी और इस कथन वाले प्रमाण-पत्र का, कि इसे भारत सरकार की ओर इस प्रकार जारी किया जाता है, वही प्रभाव होगा जैसा केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र का प्रभाव होगा ।

(2) महानिदेशक, उस देश की सरकार के अनुरोध पर, जिसको सुरक्षा कन्वेंशन लागू होती है उस देश में रजिस्ट्रीकृत पोत के बाबत जारी किया जाने वाला समुचित योग्यता प्रमाण पत्र जारी करवाएगा यदि यह समाधान है कि भारतीय पोत की दशा में ऐसा प्रमाणपत्र समुचित रूप से जारी किया जा सकता है और जहां ऐसे अनुरोध पर ऐसा प्रमाणपत्र जारी किया जाता है उसमें ऐसा कथन होगा कि इसे इस प्रकार जारी किया गया है।

22(1) महानिदेशक, अधिनियम की धारा 7 के अधीन किसी पोत में नियुक्त किए गए सर्वेक्षकों के अतिरिक्त किसी व्यक्ति या व्यक्ति निकाय जिसे इसमें इसके पश्चात् सर्वेक्षक कहा गया है, निरीक्षण करने के प्रयोजन के लिए यह देखने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा कि खतरनाक स्थोरा पर लेबल पैक, चिह्नांकन और लदाई इन नियमों के अनुसरण में की गई है ।

(2) यदि ऐसा सर्वेक्षक यह पाता है कि खतरनाक स्थोरा को लेबल, पैक चिह्नांकित या लदाई इन नियमों के अनुसरण में नहीं की गई है या खतरनाक स्थोरा ऐसी दशाओं से है कि पोत की सुरक्षा और बोर्ड पर व्यक्तियों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है, वह कमियों को बताते हुए यह भी बताएगा कि उसके उपचार के लिए उसकी राय में क्या अपेक्षित है, एक नोटिस जारी करेगा ।

(3) ऐसी प्रत्येक नोटिस को उस पत्तन के सीमा-शुल्क कलक्टर की संसूचित किया जाएगा जिससे पोत को पत्तन निकासी अभिप्राप्त करना आशयित हो सकता है। ऐसा सीमा-शुल्क कलक्टर जिसे ऐसी संसूचना दी जाती है, ऐसे पोत को पत्तन निकासी प्रदान नहीं करेगा। पोत को तब तक निरुद्ध रखा जाएगा जब तक ऐसे सर्वेक्षक द्वारा हस्ताक्षरित इस प्रभाव का एक प्रमाणपत्र कि खतरनाक स्थोरा के लेबल और चिह्नांकित इन नियमों के अनुसरण में की गई है ।

23. शास्तियां :—किसी पोत का प्रत्येक स्वामी मास्टर या अभिकर्ता —

(क) जो खतरनाक माल का वहन करने के संबंध में इन नियमों के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है या उनके किन्हीं उपबंधों का अनुपालन करने में असफल रहता है जिनका अनुपालन करना उसका कर्तव्य है कारावास से जो दो वर्ष तक का हो सकेगा अथवा दोनों से दंडनीय होगा और यदि अपराध जारी रहता है तो पहले अपराध के पश्चात् उल्लंघन जारी रहने के दौरान, और जुर्माने से जो प्रत्येक दिन के लिए पचास रुपए तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा ।

(ख) जो इन नियमों के किसी अन्य उपबंध का उल्लंघन करता है जुर्माने से जो एक हजार रुपए तक का हो सकेगा दंडनीय होगा और यदि अपराध जारी रहता है तो और जुर्माने से जो ऐसे पहली बार उल्लंघन के पश्चात् प्रत्येक दिन के लिए 50 रुपए तक का हो सकेगा दंडनीय होगा।

पहली अनुसूची

[नियम 9(2) देखिए]

खतरनाक माल का वहन करने वाले पोतों के लिए विशेष अग्नि परित्राण अपेक्षाएं ।

1.0. निम्नलिखित अपेक्षाएं, वाणिज्य पोत परिवहन (अग्नि साधित्र) नियम, 1990 (जिसे इसमें इसके पश्चात् अ.स. नियम कहा गया है) में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अतिरिक्त है ।

1.1. उससे संलग्न सारणी 1 और सारणी 2 निम्नलिखित प्रकार के पोतों को लागू होती है।

1. भाड़ा आधानों के वहन के लिए विनिर्दिष्ट रूप से डिजाइन न किए गए पोत और स्थोरा स्थान किन्तु पैक रूप में खतरनाक माल का वहन करने के लिए जिसमें भाड़ा आधान वहनीय टैंक सम्मिलित हैं, आशयित हैं ; ।

2. भाड़ा आधानों और वहनीय टैंकों में खतरनाक मामले वहन के लिये आशयित इस प्रयोजनार्थ निर्मित आधान पोत स्थोरा स्थल।

3. आर. ओ./आर ओ पोत और आर ओ/आर ओ स्थोरा स्थल जो खतरनाक माल में वहन के लिये आशयित है।

4. ठोस खतरनाक माल का प्रपुंज में वहन के लिये आशयित पोत और स्थोरा स्थल।

5. पोत स्कंध बंध बजरों में, प्रपुंज में द्रव और गैसों से भिन्न खतरनाक माल के वहन के लिये आशयित पोत और स्थोरा स्थल

2.0. विशेष अपेक्षाएं: "डैक पर" और "डैक के नीचे" दोनों में खतरनाक माल के भरण के लिये निम्नलिखित अपेक्षाओं का अनुसरण किया जायेगा।

सारणी 1, 2 और 3 में ये अपेक्षाएं "उप पैरा संख्यांक द्वारा उपदर्शित की गई हैं। जहां कहीं सारणियों में "एक्स" प्रकट होता है। तो उप पैरा में सुसंगत रूप में लागू होना पोत की प्रकार के सामने इन नियमों के नियम 10 में विनिर्दिष्ट खतरनाक माल का वर्ग पैरा 1.1 में विनिर्दिष्ट किया गया है।

1. जल प्रवाय

1.1 फायर मैन से जल प्रवाय की तुरन्त उपलभ्यता को सुनिश्चित करने के लिय या तो अपेक्षित दाब पर या स्थाई दाब पर अथवा फायर पम्प के लिये दूरस्थ चालू व्यवस्था समुचित रूप से लगाकर प्रबंध किया जायेगा। परिदत्त जल की मात्रा चार नोजल के साइज के दाब पर प्रवाय करने के लिये सक्षम होगा जैसा कि अ.श.सा. नियम में विनिर्दिष्ट किया गया है जो स्थोरा स्थल के किसी भाग पर जब वह खाली हो, जांच करके सक्षम किया गया है। भरपूर जल की मात्रा द्वारा डैक स्थोरा स्थल के अधीन पटाभिहित प्रभावी रूप से शीतन युक्तियां किसी स्थिर व्यवस्था के नोजल फुहारन द्वारा या स्थोरा स्थल को जल के साथ बहा कर उपलब्ध कराई जायेंगी। छोटे स्थोरा स्थलों और विशाल स्थोरा स्थलों के लघु क्षेत्रों में इस प्रयोजन के लिय हौज उपयोग किये जा सकते हैं। किसी भी दशा में निकासी और पम्पिंग व्यवस्था ऐसी होगी जिससे निर्बाध सतह के निर्माण को निर्धारित किया जा सके। यदि ऐसा करना संभव नहीं है तो जोड़े गये भाग और जल की निर्बाध सतह की स्थिरता पर हुए प्रतिकूल प्रभाव को उस सीमा तक हिसाब में लिया जायेगा जो अनुमोदित स्थिरता जानकारी में आवश्यक समझी गई है।

डैक स्थोरा स्थल समुचित रूप से विनिर्दिष्ट मध्यवर्ती सहित इस रूप में पदाभिहित बहाव की व्यवस्था के स्थल पर पैरा 1.1.3 में की अपेक्षाओं को रखा जा सकता है।

ज्वलन के स्रोत —

विद्युत् उपस्कर और वायरिंग किसी घिरे हुए स्थोरा स्थलों, बंदयान डैक स्थलों, या खुले यान डैक स्थलों में तब तक नहीं लगाए जायेंगे जब तक कि मुख्य सर्वेक्षक की राय में प्रचालन प्रयोजनों के लिये ऐसा करना अनिवार्य न हो। तथापि यदि ऐसे स्थलों में विद्युत् उपस्कर लगा दिये जाते हैं तो यह एक प्रमाणिक सुरक्षा किस्म की पद्धति होगी जो ऐसे खतरनाक पर्यावरण में उपयोग के लिये हैं और जिससे इसमें खुला रखा जा सकेगा। जब तक कि विद्युत् प्रणाली को एकल रूप से पूरा करना संभव न हो। (फ्यूजों से भिन्न प्रणाली में लिंकों को हटाकर) डैकों और प्रपुंज शीर्षों के केबल प्रवेशनों को—या वाष्प के निकालने के स्थान को सील कर दिया जायेगा। केबलों और स्थोरा स्थल के भीतर के केबलों के अन्दर वाले भाग को उस पर पड़ने वाले प्रभाव से होने नुकसान से सुरक्षित रखा जायेगा। कोई ऐसे अन्य उपस्कर को जिसमें कोई ज्वलनशील वाष्प का ज्वलन स्रोत हो सकता है, अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

संसूचन प्रणाली—

सभी घिरे हुए स्थोरा स्थलों में जिसमें बंदयान डैक स्थल सम्मिलित है, एक अनुमोदित अग्नि संसूचन और अग्नि चेतावनी प्रणाली लगाई जाएगी। जहां ऐसे स्थोरा स्थलों से लिए गए वातावरण नमूनों के लिए संसूचन प्रणाली का उपयोग किया जाता है वहां स्थोरा रिसन, संदूषित वातावरण की दशा में उस स्थल में नमूना लेने की प्रणाली की मार्फत जिसमें संसूचन उपस्कर अवस्थित है, निवारित करने के लिए व्यवस्था की जाएगी। एक ऐसी सूचना जिसमें यह कथन होगा कि नमूनों को खुली हवा में विसर्जित किया जाएगा जब स्थोरा से विषैली लिपटे निकल रहीं हो, उपस्कर पर स्थाई रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

संवातन—

घिरे हुए स्थोरा स्थलों में पर्याप्त विद्युत संवातन की व्यवस्था की जाएगी। व्यवस्था ऐसी होगी जिससे किसी खाली स्थोरा स्थल पर आधारित स्थोरा स्थल के किसी ऊपरी या निचले भागों से जैसा उपयुक्त हो, वाष्प को हटाने के लिए एक घंटे में कम से कम छह बार वायु परिवर्तन की व्यवस्था हो। पंखे इस प्रकार लगे होंगे जिससे ज्वलन शील गैस के वायु मिश्रणों के ज्वलन की संभाव्यता का निराकरण किया जा सके। प्रवेश और निकासी संवातन मुहानों पर समुचित तार की जाली लगी होंगी।

बिल्ज पंपिंग—

जहां ज्वलन शील या विषैण द्रवों को घिरे हुए स्थोरा स्थलों में ले जाना आशयित हो वहां बिलज पंपिंग प्रणाली इस प्रकार डिजाइन की जाएगी जिससे ऐसे द्रवों को मशीनरी स्थल पाईपिंग पम्पों में से असावधानी पूर्वक पंपिंग के विरुद्ध सुनिश्चित किया जा सके। जहां ऐसे द्रवों की विशाल मात्रा का वहन किया जाता है वहां उन स्थोरा स्थलों की निकासी की अतिरिक्त युक्तियों की व्यवस्था पर विचार किया जाएगा। ये युक्तियां मुख्य सर्वेक्षक के समाधानप्रद रूप में होंगी।

कार्मिक सुरक्षा—

अग्नि शमन साधित्र नियमों की अपेक्षानुसार फायर मैन को दिए गए साज सामान के अतिरिक्त संलग्न रसायन से प्रतिरोधी पूर्ण सुरक्षात्मक वस्त्र के चार सैट उपलब्ध कराए

जाएंगे। सुरक्षात्मक वस्त्र पूरी त्वचा को आच्छादित करेंगे जिससे कि शरीर का कोई भी अंग असुरक्षित न रह जाए।

अग्नि शमन माधित्र नियमों की अपेक्षानुसार दिए गए सामान के अतिरिक्त कम से कम दो स्वतः अंतर्विष्ट श्वसन साधित्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

वहनीय अग्निशामक—

कम से कम बारह किलोग्राम शुष्क चूर्ण या समतुल्य कुल क्षमता वहनीय अग्निशामक स्थोरा स्थल के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। ये अग्नि शामक, अग्नि शमन साधित्र नियम के अधीन अपेक्षित किसी वहनीय अग्नि शामकों के अतिरिक्त उपलब्ध कराए जाएंगे।

मशीनरी स्थल सीमाओं का विद्युत रोधन

प्रवर्ग क के स्थोरा स्थलों और मशीनरी स्थलों के बीच सीमाएं निर्मित करने वाले प्रपुंज शीर्षों को "क–60" मानकों के अनुसार विद्युतरोधी किए जाएंगे जब तक कि ऐसे प्रपुंज शीर्षों से कम से कम तीन मीटर क्षैतिज रूप से दूर खतरनाक माल का भरण नहीं किया जाता है, ऐसे स्थलों के बीच अन्य सीमाओं को "क–60" मानक के अनुरूप विद्युतरोधी किया जाएगा।

जल फुहारन प्रणाली—

प्रत्येक खुला/रो स्थोरा स्थल में जिसमें ऊपर एक डैक हो और प्रत्येक स्थल को एक बंद आर ओ/आर ओ स्थोरा स्थल समझा जाएगा, जिसको शीत नहीं किया जा सकता है एक अनुमोदित स्थिर दाब जल फुहारन प्रणाली जो किसी डैक और यान प्लेट फार्म में सभी मार्गों को सुरक्षित रखेगा।

केवल उसके सिवाय कि मुख्य सर्वेक्षक की किसी अन्य स्थिर अग्नि शमन प्रणाली के उपयोग के लिए जिसको पूर्ण रूप से दर्शित किया गया हो और जो कम प्रभावी न हो, अनुज्ञात करे। निकासी और पंपिंग व्यवस्था किसी भी दशा में ऐसी होगी जो निर्बाध सतह के निर्माण को निवारित कर सके। यदि सम्भव न हो तो जोड़े गए भार और जल की निर्बाध सतह की स्थिरता पर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को आवश्यक समझी गई सीमा तक ध्यान में रखा जाएगा।

दूसरी अनुसूची

[नियम 9(3), 14 (6) देखिए]

खतरनाक माल के वहन के लिए अनुपालन– प्रमाण पत्र

(समुद्र में प्राण सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन 1974 के 1981 के संशोधन के अध्याय 11-2 के विनियमन 54 के पैरा 3 उपबंधों के अनुसरण में जारी किया गया)

पोत का नाम	सुभिन्न संख्या या अक्षर	रजिस्ट्री पत्तन	कुल टन-भार

यह प्रमाणित किया जाना है

1. कि ऊपर उल्लिखित पोत का सन्निर्माण और उपस्कर, समुद्र में प्राण-सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय कंवेंशन 1974 के 1981 के संशोधन के अध्याय 11–2 के विनियम 54 के उपबंधों के अनुसरण में पाए गए है।

2. कि पृष्ठ 2 पर यथा विनिर्दिष्ट खतरनाक माल के वहन के लिए पोत उपयुक्त है।

3. खतरनाक ठोस प्रपुंज स्थोरा के बाबत, स्थोरा सूची में ठोस प्रपुंज स्थोरा के लिए सुरक्षित व्यवहार के संहिता में वर्ग एम.एच.बी. के रूप पदार्थ हो, स्थोरा भी सम्मिलित है जिसके लिए जलयान उपयुक्त है।

यह प्रमाण पत्र—————————————तक वैविधिमान्य है

(प्रमाण पत्र जारी होने का स्थान)

(जारी होने की तारीख) 19

प्रधान अधिकारी

वाणिज्यिक समुद्री विभाग

तीसरी अनुसूची

[नियम 10 (3) देखिए]

खतरनाक माल की घोषणा

यह प्ररूप एस.ओ.एल.ए.एस. 74 अध्याय VII विनियम 4 एम.ए.आर. पो.ओ.एल. उपाबंध III विनियम 4 और आई.एम. डी.जी. साधारण अनुदेश धारा 9 की अपेक्षानुसार है ।

माल भेजने वाला	1	संदर्भ संख्या (संख्याएं)	2
परेषिती	3	वाहक	4
आधान पैकिंग प्रमाणपत्र/यान घोषणा	6	हस्ताक्षरी का नाम/प्रास्थिति कंपनी/संगठन	
घोषणा : यह घोषणा की जाती है कि आधान/यान की पैकिंग आई.एम.डी.जी. संहिता के साधारण अनुदेश पैरा 12, 3, 7 या 17.7.7 के अनुसरण में की गई हैं आधानों या यानों में लदाई के लिए पूरा किया जाना है।		पैकर की ओर से हस्ताक्षर	
पोत का नाम और वायज	लदाई पत्तन	पाठ, अनुदेश या अन्य मामलों के लिए आरक्षित	
उतराई पत्तन	8	कुल भार (कि.ग्रा.) शुद्ध परिणाम पत्र 5	— के रूप में माल का परिवर्त करना।
पहचान का चिन्ह और एकक की रजिस्ट्रीकरण संख्यांक		पैकजों की संख्या और प्रकार समुचित लदाई नाम/ सही तकनीकी नाम, आई.एस.ओ. परिसंकटमय वर्ग/प्रभाग, यू.एन.सं. पैकिंग समूह,	
यू.न. संख्यांक पैकिंग समूह, प्रज्वलक तापांक (डिग्री सेंटीग्रेड में) नियंत्रण और आपात तापमान, माल की पहचान प्रदूषक समुद्री के रूप में, ई.एम.एस. संख्या और एम.एफ.ए.जी. सारणी संख्यांक केवल स्वामित्व/व्यापार के नाम पर्याप्त नहीं है यदि लागू होता है : (1) "अपशिष्ट" शब्द नाम के बाद में आना चाहिए।		विफरित प्रपुंज स्थोरा उपयोग हुआ स्थोरा प्रपुंज पैकेज एकक की प्रकार (आधान, ट्रेलर, टंकी यान आदि खुला या बन्द। समुचित बाक्स में * लिख दें) ।	
(2) खाली अदावाकृत या अंत में अन्तर्दिष्ट अवशिष्ट जोड़े जाने चाहिए।		(इस स्तंभ को शीर्षक से अलग रखा जा सकता है उस दशा में समुचित वर्णन लिखें।	
(3) "परिसीमित मात्रा" तब जोड़ी जानी चाहिए जब आई एम डी जी संहिता के साधारण अनुदेश का पैरा 9.3 में ऐसी अपेक्षा की जाती है ।			
अतिरिक्त संसूचना— कतिपय परिस्थितियों में विशेष सूचना/प्रमाण पत्र अपेक्षित है। आई.एम.डी.जी. संहिता साधारण————————अनुदेय पैरा 9.7.1./9.7.2 देखिए			

घोषणा :—

मैं घोषणा करता हूं कि इस परेषण की अंतर्वस्तु का ऊपर यही तकनीकी नाम (नामों) समुचित लदापोत परिवहन का नाम (नामों) द्वारा पूर्णतया और सही रूप में वर्णन किया गया है और इसके वर्गीकृत पैकेज चिन्ह लेबल/पलेकार्ड वर्गीकृत है और यह अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सरकारी विनियमों के अनुसार परिवहन के लिए हर प्रकार से सही दशा में है।

हस्ताक्षरकर्ता का नाम/प्रास्थिति कंपनी/संगठन

स्थान और तारीख

माल भेजने वाले के हस्ताक्षर

चौथी अनुसूची

[नियम 19 (3) (क) देखिए]

खतरनाक रसायनों को प्रपुंज में वहन के लिए अंतरराष्ट्रीय उपयुक्तता प्रमाणपत्र

खतरनाक रसायनों का प्रपुंज वहन करने के लिए पोतों के सन्निर्माण और उपस्कर के लिए अंतरराष्ट्रीय संहिता के उपबंधों में अधीन [संकल्प एम.एस.सी. 4 (48) और एम.ई.पी.पी.; 19(22)]

भारत सरकार के प्राधिकार में अधीन प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग द्वारा जारी किया गया।

पोत का नाम	सुभिन्न संख्या और अक्षर	रजिस्ट्री का पत्तन	कुल टन भार	पोत प्रकार संहिता संहिता 1.2(2)

वह तारीख जिसको कील रखी गई या जिस को पोत सन्निर्माण के उसी प्रक्रम पर था या: (संपरिवर्तित पोत के मामले में) वह तारीख जिस को रसायन टैंकर में उसका संपरिवर्तन आरंभ हुआ था।

पांचवी अनुसूची

[नियम 19(3) (ख) देखिए]

खतरनाक रसायनों का प्रपुंज के वहन करने के लिए उपयुक्तता प्रमाणपत्र

खतरनाक रसायनों का प्रपुंज में वहन करने के लिए पोतों के सनिर्माण और उपस्कर के लिए अन्तरराष्ट्रीय समुद्रीय परामर्शी संगठन के अनुसरण में

भारत सरकार के प्राधिकार के अधीन (देश का पूरा शासकीय पदनाम) प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग द्वारा जारी किया गया।

पोत का नाम	सुभिन्न संख्यांक या अक्षर	रजिस्ट्री पत्तन	सकल टन भार	पोत प्रकार (कोड पैरा 2.2.4).1

वह तारीख जिसको नौतल रखा गया था या किसी संपरिवर्तित पोत की दशा में, वह तारीख जिसको पोत का रसायन टैंकर में संपरिवर्तन प्रारंभ हुआ।

5. यह प्रमाणपत्र, तारीख ——19—— तक प्रवृत्त रहेगा जब तक कि इसे पहले रद्द नहीं कर दिया जाता ।

————पर ————19————को जारी किया गया ।

(प्रमाणपत्र जारी करने का स्थान)

अधोहस्ताक्षरी यह घोषणा करता है कि वह इस प्रमाणपत्र को जारी करने के लिए उक्त सरकार द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत है ।

प्रधान अधिकारी
वाणिज्यिक समुद्री विभाग

प्रमाणपत्र के पूरा करने पर टिप्पण:—

1. "पोत प्रकार" : इस स्तंभ के अधीन कोई प्रविष्टि सभी सुसंगत सिफारिशों से संबंधित होनी चाहिए, उदाहरणार्थ" "प्रकार II" प्रविष्टि से संहिता द्वारा विहित सभी प्रकार के प्रकार II अभिप्रेत होने चाहिए । यह स्तंभ प्राय: किसी विद्यमान पोत की दशा में लागू नहीं होगा और ऐसे किसी मामले में "पैरा 2(ख) देखिए" टिप्पण लिखा जाए ।

2. पैरा 2(ii) (ख) : इस पैरा की सिफारिशों के संबंध में पोत की प्रास्थिति के अनुसार 1.7.3(क), (ख), (ग), (घ), अंत: स्थापित करें ।

3. पैरा 3 : संहिता के अध्याय IV में सूचीबद्ध उत्पाद या जिसका संहिता के पैरा 1.8 की अपेक्षानुसार प्रशासन द्वारा मूल्यांकन किया गया है, को ही सूचीबद्ध किया जाए । बाद वाले "नए" उत्पादों की बाबत अनंतिम रूप से विहित की गई किन्हीं विशेष अपेक्षाओं पर टिप्पण किया जाए ।

नियत कालिक सर्वेक्षण

यह प्रमाणित किया जाता है कि संहिता के पैरा 1.6 की अपेक्षानुसार नियत कालिक निरीक्षण करने पर यह पोत संहिता के सुसंगत उपबंधों का अनुपालन करता पाया गया था ।

(क) सुरक्षा उपस्कर उपबंधों से संबंधित निरीक्षण स्थान————तारीख ————जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर और/या मुद्रा स्थान————तारीख————जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर और/या मुद्रा स्थान————तारीख ————जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर और/या मुद्रा स्थान————तारीख ————जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर और/या मुद्रा, स्थान———— तारीख————जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर और/या मुद्रा

(ख) सनिर्माण उपबंधों में संबंधित निरीक्षण

स्थान————तारीख ————जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर और/या मुद्रा

छठी अनुसूची

[नियम 20(3) (क) देखिए]

द्रवित गैसों का प्रपुंज के वहन के लिए अन्तरराष्ट्रीय उपयुक्तता प्रमाणपत्र

(शासकीय मुद्रा)

द्रवित गैसों को प्रपुंज में ले जाने के लिए पोतों के सनिर्माण और उपस्कर के लिए अन्तरराष्ट्रीय संहिता के उपबंधों के अधीन

[संकल्प एम. ए. सी. 5(48) और एम. ई. पी. सी. 19(22)]

भारत सरकार के प्राधिकार के अधीन

प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मुम्बई द्वारा जारी किया गया।

पोतों का नाम	सुविज्ञ पोत संख्यांक या अक्षर	रजिस्ट्री पत्तन	स्थोरा क्षमता (एम 3)	पोत प्रकार (संहिता की धारा 2.1)

वह तारीख जिसको नौतल रखा गया था या जिस पर पोत का सनिर्माण किसी सम रूप प्रक्रम पर था या (किसी संपरिवर्तित पोत की दशा में) वह तारीख जिसको पोत का गैस वाहक में संपरिवर्तन प्रारम्भ हुआ था ।

यह पोत संहिता के निम्नलिखित संशोधनों का पूर्णतः अनुपालन करता है ।

इस पोत को संहिता के निम्नलिखित उपबंधों के अनुपालन से छूट दी गई है ।

यह प्रमाणित किया जाता है :

1. 1. कि पोत का संहिता की धारा 1.5 के उपबंधों के अनुसार सर्वेक्षण किया गया है ।

   2. कि सर्वेक्षण दर्शित करता है कि पोत की संरचना, उपस्कर, फिटिंगें, व्यवस्था और सामग्री तथा उसकी शर्तें सभी प्रकार से समाधान प्रद हैं और कि पोत संहिता के सुसंगत उपबंधों का अनुपालन करता है ।

2. कि निम्नलिखित डिजाइन मानदंड का प्रयोग किया है

   1. परिवेश तापमान 0 सी [2]

   2. परिवेश जल तापमान 0 सी [2]/

संलग्नक

सर्वेक्षण

यह प्रमाणित किया जाता है कि संहिता की धारा 1.6 की अपेक्षानुसार सर्वेक्षण करने पर यह पाया गया कि यह पोत संहिता के सुसंगत उपबंधों का अनुपालन करता था ।

मध्यवर्ती सर्वेक्षण

स्थान———— तारीख————

जारी करने वाले प्राधिकारी
के हस्ताक्षर और मुद्रा

स्थान———— तारीख————

जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर और मुद्रा

स्थान———— तारीख————

जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर और मुद्रा

स्थान———— तारीख————

जारी करने वाले प्राधिकारी के हस्ताक्षर और मुद्रा

द्रवित गैसों को प्रपुंज में ले जाने के लिए विद्यमान पोतों के लिए संहिता के पैरा 1.2.3 के अनुसार पृष्ठांकन

संलग्नक

यह प्रमाणित किया जाता है

1. कि ऊपर वर्णित पोत

   (i) ऐसा पोत है जैसा संहिता के 1.2.2 में परिभाषित है,

   (ii) ऐसा पोत है जैसा संहिता के 1.2.3 में परिभाषित है

2. (i) कि पोत का संहिता की धारा 1.6 के उपबंधों के अनुसार सर्वेक्षण पर लिया गया है,

   (ii) कि सर्वेक्षण से यह दर्शित होता है कि पोत की संरचना, उपस्कर, फिटिंगें, व्यवस्था और सामग्री तथा उसकी शर्तें

सभी प्रकार से समाधान प्रद है और कि पोत संहिता के सुसंगत उपबंधों का अनुपालन करता है।

3. निम्नलिखित डिजाइन मानदंड का प्रयोग किया है

(क) परिवेश वायु तापमान .....°सी.[2]

(ख) परिवेश जल तापमान .....सी[2]

(ग)

टैंक प्रकार और संख्यांक	मौसमजन्य कारण 3/				सामग्री 3/	एमएआर बीएस
	क	ख	ग	घ		
स्थोरा पाइपिंग						

विशेष टिप्पणी:— इस सूची में निर्दिष्ट टैंक संख्यांकों की पहचान उपाबद्ध, हस्ताक्षरित और तारीख वाले टैंक प्लान सं. 2 क पर की जाती है।

(घ) स्थोरा टैंक सामग्री की यांत्रिक संपरितयां .....°सी. 4 पर अवधारित की गई थी।[4]

4. कि पोत निम्नलिखित उत्पादों को प्रपुंज में वहन करने के लिए उपयुक्त है, परन्तु वह संहिता के सभी सुसंगत परिवर्तित उपबंधों का पालन करता है।[5]

उत्पाद		वहन की शर्तें (टैंक संख्यांक, न्यूनतम तापमान, अधिकतम दबाव, अधिकतम सघनता टैंक की लदाई की शर्तें।

विशेष टिप्पणी:—उपाबद्ध ,हस्ताक्षरित और तारीख वाले सीट (तें) संख्यांक 1क पर जारी हैं।

विशेष टिप्पणी:—इस सूची में निर्दिष्ट टैंक संख्यकों की पहचान, उपाबद्ध, हस्ताक्षरित और तारीख वाले अंतिम प्लान संख्याक 2क पर की जाती है।

---

*समुचित रूप से लोप कर दें।

संलग्नक

5. कि धारा 1.5/2.7 के अनुसार पोत की बाबत संहिता के उपबंधों को निम्नलिखित रीति से उपांतरित किया है।

यह प्रमाणपत्र .....19 तक विधिमान्य है।

.....पर .....19 .....को जारी किया गया

(प्रमाणपत्र जारी करने का स्थान)

अधोहस्ताक्षरी यह घोषण करता है कि वह उनके प्रमाणपत्र को जारी करने के लिए उक्त सरकार द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत है।

प्रमाणपत्र जारी करने वाले पदधारी के
हस्ताक्षर और/या जारी करने वाले
प्राधिकारी की मुद्रा)

(यथा समुचित जारी करने वाले प्राधिकारी की मुद्रा या स्टाम्प)

प्रमाणपत्र के समापन पर टिप्पण:—

1 "पोत प्रकार" : इस स्तंभ के अधीन कोई प्रविष्टि सभी सुसंगत सिफारिशों से संबंधित होनी चाहिए उदाहरणार्थ "प्रकार II छ" "प्रविष्टि से संहिता द्वारा विहित सभी प्रकार के प्रकार IIछ अभिप्रेत होने चाहिए।

2. पैरा 3 (ख) और (3) ख : संहिता के 4,5.1 के प्रयोजनों के लिए प्रशासन द्वारा स्वीकृत या अपेक्षित परिवेश तापमान अंत:स्थापित किया जाए ।

3. पैरा 3 (ग) : संहिता के 4,5.1 (थ) (i) और 4.5.1 (ड़) के प्रयोजन के लिए प्रशासन द्वारा स्वीकृत या अपेक्षित मौसमजन्य कारण और सामग्री अंत:स्थापित की जाए।

4. पैरा 3 (घ) : संहिता के 4.5.1 (च) के प्रयोजन के लिए प्रशासन द्वारा स्वीकृत कक्ष तापमान या अन्य तापमान अंत:स्थापित किया जाए।

5. पैरा 4 : संहिता के अध्याय XIX—; —में सूचीबद्ध केवल वे उत्पाद या जिसका संहिता के पैरा 1.7.2 की अपेक्षानुसार प्रशासन द्वारा मूल्यांकन किया गया है, को ही सूचीबद्ध किया जाए/बाद वाले "नए" उत्पादों की बाबत अंतिम रूप से विहित की गई किन्हीं विशेष अपेक्षाओं पर टिप्पण किया जाए।

---

*समुचित रूप से लोप कर दें।

सातवीं अनुसूची

[नियम 20(3)(ख) देखिए]

द्रवित गैसों का प्रपुंज में वहन के लिए ठीक हालत में होने का प्रमाणपत्र

(शासकीय मुद्रा)

द्रवित गैसों को प्रपुंज में ले जाने के लिए पोतों में संनिर्माण और उपस्कर के लिए अन्तरराष्ट्रीय समुद्री सलाहकार संगठन संहिता और अन्तरराष्ट्रीय समुद्री सलाहकार संगठन संकल्प ए 329()()के अनुसरण में भारत सरकार के प्राधिकार के अधीन भारत गणराज्य .....

(देश का पूर्ण शासकीय पदनाम)

प्रधान अधिकारी, वाणिज्यिक समुद्री विभाग द्वारा जारी किया गया ।

पोत का नाम	सुमिश संख्यक या अक्षर	रजिस्ट्री पत्तन	स्थोरा क्षमता (एम 3)	पोत प्रकार (संहिता की धारा 2.5)

निर्माण या मुख्य संपरिवर्तन संविदा की तारीख .....

वह तारीख, जिसको नौतल रखा गया था या पोत संनिर्माण की वैसी ही अवस्था में था या जिसको मुख्य संपरिवर्तन प्राप्त हुआ था .....

प्रमाणपत्र, जारी करने वाले देश की राजभाषा में तैयार किया जाना चाहिए । यदि प्रयोग की गई भाषा न तो अंग्रेजी है और न फ्रेंच है तो पाठ में इन भाषाओं में से एक भाषा के तीन अनुवाद होने चाहिए।

द्रवित गैस का प्रपुंज में वहन करने के लिए ठीक हालत में होने का अन्तरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र का संलग्नक 1 । धारा 3 में विनिर्दिष्ट वे उत्पाद और उनके वहन की शर्तों की विवरण सूचित ।

उत्पाद		वहन की शर्तें (टैंक संख्यांक आदि)	

तारीख .....

(प्रमाणपत्र के लिए)

प्रधान अधिकारी
वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मुम्बई

टैंक प्रकार और संख्यांक	मौसमज्य कारण 3				सामग्री 3	एम ए आर वी एल
क	ख	ग	घ			
स्थोरा पाइपिंग						

विशेष टिप्पणी : इस सूची में निर्दिष्ट टैंक संख्याकों की पहचान संलग्नक 2, हस्ताक्षरित और तारीखवाले टैंक प्लान पर की जाती है ।

4. स्थोरा टैंक सामग्री की यांत्रिक सम्पत्तियां .....°सी [4] पर अवधारित की गई थी ।

5. कि पोत निम्नलिखित उत्पादों को प्रपुंज में सहन करने के लिए उपयुक्त है, परन्तु वह संहिता के परिचालित उपबंधों का पालन करता है ।[5]

उत्पाद	वहन की शर्तें (टैंक संख्यक आदि)	

संलग्न 1, हस्ताक्षरित और तारीख वाले अतिरिक्त पन्नों पर जारी ।

इस सूची में निर्दिष्ट टैंक संख्याओं की पहचान संलग्नक 2, हस्ताक्षरित और तारीख वाले टैंक प्लान पर की जाती है।

4. कि धारा 1.4/2.8.2* के अनुसार पोत की बाबत संहिता के उपबंधों को निम्नलिखित रीति से उपांतरित किया है।

कि पोत की लदाई,—

*1. लदाई शर्तों के अनुसार अनुमोदित लदाई मैनुअल में उपबंधित, स्टाम्पित और तारीख ..... तथा प्रशासन के उत्तरदायी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित या प्रशासन द्वारा मान्यताप्राप्त किसी संगठन द्वारा ;

*2. इस प्रमाणपत्र से संलग्न लदाई की सीमाओं के अनुसार,

होनी चाहिए।

---

*समुचित रूप से लोप कर दें।

यह प्रमाणपत्र ..... 19 ..... तक विधिमान्य है।

..... पर ..... को जारी किया गया।

(प्रमाणपत्र जारी करने का स्थान)

..... 19

जारी करने की तारीख

.....

प्रधान अधिकारी

वाणिज्यिक समुद्री विभाग, मुम्बई

(समुचित रूप से जारी करने वाले प्राधिकारी की मुद्रा या स्टांप)

प्रमाणपत्र के पूरा करने पर टिप्पण —

(1) "पोत प्रकार : इस स्तम्भ के अधीन कोई प्रविष्टि सभी सुसंगत सिफारिशों से संबंधित होनी चाहिए उदाहरणार्थ "प्रकार 2क" प्रविष्टि से संहिता द्वारा विहित सभी प्रकार के, प्रकार 2क, अभिप्रेत होने चाहिए।

(2) पैरा पै2.1 और 2.2 : संहिता के 1.8.1 के प्रयोजनों के लिए प्रशासन द्वारा स्वीकृत या अपेक्षित परिवेश तापमान अंत:स्थापित किया जाए।

(3) पैरा 2.3.1 : संहिता के 4.5.1.4 और 4.5.1.6 के प्रयोजनों के लिए प्रशासन द्वारा स्वीकृत या अपेक्षित मौसम जन्य कारण और सामग्री अंत : स्थापित की जाए।

(4) पैरा 2.4 : संहिता 4.5.1.7 के प्रयोजनों के लिए प्रशासन द्वारा स्वीकृत तापमान अंत : स्थापित किया जाए।

(5) पैरा 3: संहिता के अध्याय 19 में सूचीबद्ध केवल वे उत्पाद या जिसका संहिता के पैरा 1.1.6 की अपेक्षानुसार प्रशासन द्वारा मूल्यांकन किया गया है को ही सूचीबद्ध किया जाए। बाद वाले "नए" उत्पादों की बाबत अंनतिम रूप से विहित की गई किन्हीं विशेष अपेक्षाओं पर टिप्पण किया जाए।

आज्ञापक वार्षिक सर्वेक्षण के लिए पृष्ठांकन

यह प्रमाणित किया जाता है कि द्रवित गैस को प्रपुंज में ले जाने के लिए पोतों के संनिर्माण और उपस्कर के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संहिता के पैरा 1.5.2.1.4 की अपेक्षानुसार आज्ञापक कालिक सर्वेक्षण करने पर यह पाया गया कि यह सुसंगत उपबंधों का अनुपालन करता था।

हस्ताक्षरित .....

(प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर)

स्थान .....

तारीख .....

(समुचित प्राधिकारी की मुद्रा या स्टाम्प)
हस्ताक्षरित .....
तारीख .....
(समुचित प्राधिकारी की मुद्रा या स्टाम्प)
हस्ताक्षरित.....
(प्राधिकृत अधिकारी की मुद्रा या स्टाम्प)
स्थान .....
तारीख .....
(समुचित, प्राधिकारी की मुद्रा या स्टाम्प)
हस्ताक्षरित .....
(प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर)
स्थान .....
तारीख .....
(समुचित प्राधिकारी की मुद्रा या स्टाम्प)

टिप्पण :— यह मध्यवर्ती सर्वेक्षण आज्ञापक वार्षिक सर्वेक्षण का स्थान लेगा जहां कि 1.5.2.1.3 और 1.5.2.1.4 के सुसंगत उपबंधों का अनुपालन किया गया है।

.....को शोध्य वार्षिक सर्वेक्षण +3 मास
.....को शोध्य मध्यवर्ती सर्वेक्षण +6 मास

मध्यवर्ती सर्वेक्षण के लिए पृष्ठांकन

यह प्रमाणित किया जाता है कि द्रवित गैस को प्रपुंज में ले जाने वाले पोतों के संनिर्माण और उपस्कर के लिए अन्तर-राष्ट्रीय संहिता के 1.5.2.1.3 की अपेक्षानुसार मध्यवर्ती सर्वेक्षण करने पर पोत को संहिता के सुसंगत उपबंधों का अनुपालन करता पाया गया था।

हस्ताक्षरित .....
(प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर)
स्थान .....
तारीख .....
(समुचित प्राधिकारी की मुद्रा या स्टाम्प)

.....को शोध्य वार्षिक सर्वेक्षण +3 मास
.....को शोध्य मध्यवर्ती सर्वेक्षण +6 मास।

[फा. सं. एस. आर. 11013/7/93 एम ए]
ओ. पी. महे, अवर सचिव

MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT

(Shipping Wing)

(Merchant Shipping)

New Delhi, the 16th January, 1995

G.S.R. 43.—The following draft Merchant Shipping (Carriage of Cargo) Rules, 1995 which Central Government propose to make, in exercise of powers conferred by sub-sections (1) & (2) of Sections 330, 331 and sub-section (5) of section 332 read with section 457 of the Merchant Shipping Act, 1958 (44 of 1958) and in supersession of Merchant Shipping (Carriage of Dangerous Cargo) Rules, 1978, Merchant Shipping (Dock Cargo including Timber Cargo) Rules, 1980 and Merchant Shipping (Carriage of Grains) Rules, 1991, as amended from time to time, is hereby published as required under sections 330 and 332 of the Merchant Shipping Act of the said Act for information of all persons likely to be affected thereby notice is hereby given that the said draft will be taken into consideration after the expiry of the period of thirty days from the date on which copies of the notification as published in the Gazette of India are made available to the public.

Any objection or suggestin which may be received from any person with respect to the said draft rules before the period so specified will be taken into consideration by the Central Government.

REVISED DRAFT RULES

1. Short title, commencement and application.—(1) These rules may be called Merchant Shipping (Carriage of Cargoes) Rules, 1995.

(2) They shall come into force on the date of their final publication in the Official Gazette.

(3) They shall apply to :—

(a) every Indian ship carrying or about to carry cargoes specified in these rules anywhere ; and

(b) every ship other than Indian ship carrying or about to carry cargoes specified in these rules in port or places in India :

